तापमान

अधिकतम 34.4 डिग्री

न्यूनतम 21.9 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 25 मार्च 2025

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया




सिम्स मेडिकल कालेज में टीबी दिवस पर रंगोली बनाकर छात्राओं ने बीमारी से बचने का संदेश दिया।


**बवासीर का आधुनिक इलाज**

अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा भर्ती की आवश्यकता नहीं

मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है

स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा

**गुप्ता हॉस्पिटल**

**डॉ. शुभम् गुप्ता**

गुदा रोग विशेषज्ञ

संपर्क करें

**7400009183**


## सरकार ने बनाई चार सदस्यीय कमेटी

# हाईकोर्ट ने पूछा- अवैध खनन पर माइनिंग एक्ट के अनुसार एफआईआर क्यों नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अवैध रेत खुदाई को लेकर हाईकोर्ट ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा है कि शपथ पत्र से ही स्पष्ट है कि अवैध रेत खुदाई जारी है, इतने प्रकरण आ रहे हैं तो सिर्फ जुर्माना लगाकर क्यों छोड़ा जा रहा है। जुर्माना लगाने भर से समस्या दूर नहीं होगी। ऐसा करने वाले बड़े लोग हैं, जुर्माना भर देते हैं, उससे 100 गुना कमाते हैं।

माइनिंग एक्ट के अनुसार पैनल एक्शन क्यों नहीं लिया जा रहा है। कितने बार जुर्माना लगाकर छोड़ सकते हैं। बार- बार अपराध करने पर गंभीर कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है? सुनवाई के दौरान शासन की ओर से कहा गया कि चार सदस्यीय टीम बनाई गई है जो कि दूसरे राज्यों का दौरान करते हुए खनन रोकने पर अपनी रिपोर्ट पेश करेगी। इसके साथ ही अरपा में गंदा पानी रोकने पुणे की एक कंपनी से डीपीआर (डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट) से बनवाई जा रही है। इसकी अनुमति को लेकर 26 मार्च को होने वाली एमआईसी की बैठक में इसका प्रस्ताव लाया जाएगा। मामले की अगली सुनवाई 22 अप्रैल को होगी।



लगातार प्रदूषित हो रही जीवनदायिनी अरपा

400 करोड़ से अधिक की 7 योजनाएं अधूरी

हरिभूमि में 24 मार्च को प्रकाशित खबर।

अरपा के साथ ही पूरे प्रदेश में नदियों से अवैध रेत खुदाई के मामले में हाईकोर्ट ने सख्ती दिखाई है। कोर्ट ने कहा है कि जब माइनिंग एंड मिनरल एक्ट लागू हैं तो इसके अनुसार सख्त कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है। ऐसा नहीं हो सकता कि कोई बार- बार अवैध माइनिंग करता रहे और उसे जुर्माना लगाकर छोड़ दिया जाए। अवैध खुदाई के कारण निरपराध लोगों की जान जा रही है। तीन बच्चियों समेत कई लोगों की पहले मौत हो गई। राज्य सरकार की तरफ से बताया गया कि अब अवैध रेत खुदाई और परिवहन करने वालों पर एफआईआर दर्ज करवाई जा रही है। मोटर व्हीकल एक्ट के अनुसार भी कार्रवाई की जा रही है। हाईकोर्ट ने कहा रेत खनन को संज्ञेय अपराध की श्रेणी में लाना होगा।

## अरपा में गंदा पानी रोकने पुणे की कंपनी बनाएगी डीपीएआर, एमआईसी में रखा जाएगा प्रस्ताव

### 70 नालों का गंदा पानी रोजाना पहुंच रहा

इस याचिका बताया गया कि अरपा में प्रदूषण रोकने के लिए सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की क्षमता बढ़ाने पर काम चल रहा है, लेकिन यह अभी अधूरा है। कोर्ट के सामने बिना ट्रीटमेंट के 70 नालों का गंदा पानी अरपा नदी में छोड़े जाने की जानकारी दी गई। कोर्ट ने अधिकारियों को फटकारते हुए कहा कि यह जनहित याचिका 2019 से चल रही है, लेकिन इसके बावजूद निगम और प्रशासन अरपा को संरक्षित करने के लिए गंभीर नहीं हैं। शहर और आसपास के गटर से गंदा पानी छोड़ा जा रहा है, जिसके कारण अरपा नदी में रोज 130 एमएलडी गंदे पानी की निकासी हो रही है। जल संसाधन विभाग ने अरपा नदी में बाहरमासी पानी रोकने के लिए पचरी घाट और शिव घाट में दो बैराज बनाए हैं, जो लगभग पूरे हो चुके हैं, लेकिन नदी में प्रदूषित और मलयुक्त पानी की निकासी रोकने के लिए अब तक कोई ठोस इंतजाम नहीं किया गया है। अरपा में प्रदूषण रोकने के लिए सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की क्षमता बढ़ाने पर काम चल रहा है, लेकिन यह अभी अधूरा है।



### 60% पानी को ही ट्रीटमेंट करने की क्षमता

सोमवार को ही अरपा नदी के संरक्षण व संवर्धन को लेकर दायर जनहित याचिका की सुनवाई हुई। इससे पहले सुनवाई में निगम ने शपथ पत्र के साथ जवाब प्रस्तुत किया था। निगम की ओर से बताया गया कि मौजूदा एसटीपी (सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट) के माध्यम से मार्च 2025 तक 60 प्रतिशत गंदे पानी का ट्रीटमेंट किया जा सकता है। वहीं, 40 प्रतिशत पानी के लिए पुणे की एक कंपनी से डीपीआर (डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट) मांगी गई थी, लेकिन उसे अनुमति नहीं दी गई। निगम ने फंड की कमी का भी हवाला दिया। इसके साथ ही कहा गया कि 26 मार्च को एमआईसी की होने वाली बैठक में इस प्रस्ताव को रखते हुए अनुमति मांगी जाएगी। कोर्ट ने निगम को नए सिरे से शपथ पत्र पेश करने के लिए निर्देश दिए। साथ ही कहा कि इसमें में विस्तृत कार्ययोजना बनाकर रिपोर्ट प्रस्तुत किया जाए।

### हाईकोर्ट ने दिया यह निर्देश

- अरपा नदी के संरक्षण और संवर्धन के लिए विस्तृत कार्ययोजना बनाने का निर्देश दिया है
- नगर निगम को दूषित जल को ट्रीटमेंट के बाद नदी में छोड़ने का निर्देश दिया है
- खनिज विभाग को अवैध रेत उत्खनन रोकने के लिए कार्ययोजना बनाने का निर्देश दिया है
- नदी के किनारे वृक्षारोपण करने का निर्देश दिया है



## ओडिशा से गांजा लेकर अम्बिकापुर जा रहे थे

# नेशनल हाइवे ब्लाक कर पुलिस ने तीन तस्करों को पकड़ा, 102 किलो गांजा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ओडिशा से गांजा लेकर अम्बिकापुर जा रहे कार सवार तीन गांजा तस्करों को पुलिस ने नेशनल हाइवे को गाड़ियों से ब्लाक कर पकड़ लिया। कार से 102 किलो गांजा बरामद किया गया है। पुलिस ने गांजा, कार, मोबाइल सहित 23 लाख का माल जब्त कर तस्करों को गिरफ्तार कर लिया है।

एसपी रजनेश सिंह को सूचना मिली रायपुर की ओर से भारी मात्रा में कार में गांजा रखकर जिले की ओर तस्कर आ रहे हैं। उन्होंने तत्काल जिले के थानेदारों को गांजा तस्करों को पकड़ने अलर्ट किया। सभी थानेदारों ने अपने अपने क्षेत्र में गांजा तस्करों को पकड़ने नाकाबंदी की। इसी दौरान सूचना मिली कि कार सवार गांजा तस्कर नेशलन हाइवे से रतनपुर की ओर जा रहे हैं। एसपी श्री सिंह के निर्देश पर कोनी टीआई किशोर केंवट, टीआई राजेश मिश्रा, दीपक उपाध्याय, अभिजीत डाहिरे एवं अन्य पुलिसकर्मियों ने कोनी नेशनल हाइवे ओवरब्रिज को गाड़ियां खड़ी कर ब्लाक कर दिया। इसी दौरान रायपुर की ओर से तेज रफ्तार से जा रहे टाटा नेक्सॉन क्रमांक यूपी 44 बीएच, 3072 में सवार ब्लाक में फंस गए। सामने पुलिस को देखकर कार छोड़कर तीन युवक कार से उतरकर भागने लगे। पुलिसकर्मियों ने आधा किलो मीटर दौड़ाकर तीनों तस्करों को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर गाड़ी के पीछे डिक्की व पीछे सीट के नीचे से तीन थैलो में भरा 102 किलो गांजा मिला। पुलिस ने तीनों आरोपियों से गांजा, कार, 4 मोबाइल सहित 23 लाख का सामान जब्त किया है। कोनी पुलिस ने 20 बी नारकोटिक्स एक्ट के तहत तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

### पकड़े गए आरोपी

- सौरभ यादव उर्फ पंकज पिता विजय बहादुर यादव 23 साल नारायणपुर पोस्ट बदलानुपर जौनपुर यूपी
- सचिन उर्फ मोंटी यादव पिता जयप्रकाश यादव 28 साल पहाड़पुर श्रीरामपुर सुल्तानपुर यूपी
- विष्णु सिंह पिता मनमोहन सिंह 29 साल कादीपुर सुल्तानपुर यूपी

### फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर तस्करी

जब्त नेकसॉन कार मूलत : यूपी है और उसका सही नम्बर यूपी 44 बीएच, 3072 है। ओडिशा पार करने के बाद पुलिस की आंख में धूल झोंकने फर्जी सीसी पासिंग की सीजी 04 एलजेड, 3844 लगाकर वे गांजा लेकर जा रहे थे। तलाशी लेने पर गाड़ी के अंदर यूपी पासिंग के दो नम्बर प्लेट मिले। टीआई श्री केंवट ने बताया, पुलिस पकड़े गए गांजा तस्करों से अन्य संलिप्त लोगों के संबंध में पूछताछ कर रही है।

## खबर संक्षेप

### इंस्टाग्राम में फोटो वायरल युवक कट्टा सहित गिरफ्तार

**बिलासपुर।** इंस्टाग्राम में फोटो वायरल करने वाले युवक को देशी कट्टा सहित पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, करीब 20 दिन पहले नयापारा निवासी विकास सिंह उर्फ बांके अपने इंस्टाग्राम में कट्टा सहित फोटो अपलोड किया था। 30 मार्च को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगमन को देखते हुए एसपी रजनेश सिंह ने उक्त युवक को पकड़कर सख्ती से कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। सीएसपी निमितेश सिंह परिहार के नेतृत्व में सिरगिट्टी पुलिस उसके घर में लगातार दबिश दे रही थी किन्तु वह नहीं मिला रहा था। पुलिस तकनीकी साक्ष्य के माध्यम से उसके पतासाजी में लगी हुई थी। सोमवार को उक्त युवक का लोकेशन मगरपारा चौक में मिला। टीआई रजनीश सिंह, विजय शर्मा, केशव मार्को, लक्ष्मी यादव, रवि शर्मा ने चौक में घेराबंदी कर विकास सिंह उर्फ बांके को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर देशी कट्टा मिला। पुलिस के अनुसार, आरोपी विकास प्रयागराज महाकुंभ नहाने गया था। उसके बाद बिहार जाकर देशी कट्टा खरीदकर लाया था। उक्त युवक सिरगिट्टी क्षेत्र में युवकों का गैंग बनाकर घूमता फिरता है। पुलिस ने कट्टा जब्त कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

### उत्कर्ष योजना : लिखित चयन परीक्षा 30 को

**बिलासपुर।** जिले के अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं के लिए पं. जवाहर लाल नेहरू उत्कर्ष योजना अंतर्गत वर्ष 2025-26 में निजी विद्यालयों में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए लिखित चयन परीक्षा 30 मार्च को दोपहर 12 से 2 बजे तक आयोजित की जाएगी। जिले के विकासखण्ड बिल्हा, कोटा, मस्तूरी एवं तखतपुर के परीक्षार्थियों के लिए डेल्टा पब्लिक स्कूल पुराना हाई कोर्ट के सामने गुम्बर कॉम्पलेक्स गांधी चौक को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। परीक्षार्थी अपना रोल नंबर, प्रवेश पत्र एवं परीक्षा केन्द्र संबंधी जानकारी के लिए संबंधित विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी के कार्यालय एवं सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास बिलासपुर के कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

# इलाज के नाम पर घूस मांगने वाली महिला डाक्टर पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिला अस्पताल की डा. वंदना चौधरी द्वारा गर्भवती महिला से इलाज के नाम पर रूपए की मांग करने का मामला गरमा गया है। कलेक्टर की अनुशंसा पर सिविल सर्जन ने डॉ. चौधरी को नोटिस थमा दिया है साथ ही अस्पताल में उनके द्वारा किए जाने वाले आपरेशन पर रोक लगा दी गई है। उनकी जिम्मेदारी अस्पताल की दो महिला डाक्टरों को सौंपी गई है।

ज्ञात हो कि गर्भवती जमंत्री पटेल पिता संतोष पटेल नसबंदी आपरेशन कराने जिला अस्पताल में भर्ती हुई थी। 19 मार्च को डॉ वंदना चौधरी ने मरीज का आपरेशन किया। मरीज का आरोप है कि आपरेशन के एवज में डाक्टर द्वारा 6 हजार रूपए की मांग की गई है। उसने 2 हजार रूपए दिए थे और डाक्टर बाकी रूपए की मांग के लिए धमका रही थी। इस मामले में एक आडियो भी वायरल हो चुका है। इसके बाद मरीज ने प्रबंधन से इसकी शिकायत की थी। भ्रष्टाचार के आरोप पर जिला अस्पताल की स्त्री रोग विशेषज्ञ से जवाब मांगा है। डॉक्टर वंदना चौधरी से स्पष्टीकरण मांगते हुए परिवार नियोजन (टी टी) और एमटीपी (गर्भपात संबंधी ऑपरेशन) पर रोक लगा दी गई है। कलेक्टर अवनीश शरण के निर्देश पर सिविल सर्जन ने कार्रवाई की है। एमटीपी और टीटी ऑपरेशन की जिम्मेदारी डॉ रमा घोष और डॉ ममता सलूजा को सौंपी गई है।



दो डाक्टरों को मिली जिम्मेदारी

### डाक्टरों पर लग चुके हैं आरोप

जिला अस्पताल के कई डाक्टरों पर पहले भी आरोप लग चुके हैं। यहां के वरिष्ठ डाक्टर शहर के प्रमुख अस्पतालों में निजी प्रैक्टिस कर रहे हैं। इसके साथ ही मरीजों के साथ डाक्टरों का व्यवहार बहुत ही खराब है। डायलिसिल कराने वाले मरीजों से स्टाफ के द्वारा रूपए की मांग की जाती है। साथ ही मेडिकल सर्टिफिकेट के लिए स्टाफ दलालों की तरह काम करता है, जिसकी शिकायत सिविल सर्जन और सीएमएचओ, संयुक्त संचालक से की जाती है, लेकिन हर बार नोटिस का खेल खेला जाता है और मामला दब जाता है। वहीं अस्पताल के अंदर डाक्टरों के बीच गुटबाजी हावी है, इसका का नतीजा है कि कई बार मरीजों के सामने ही डाक्टर एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप करते हैं।


## अयोग्य उम्मीदवारों को साक्षात्कार में शामिल करने के खिलाफ याचिका

# यूजीसी नियमों की अनदेखी, अटल यूनिवर्सिटी में प्रोफेसर की भर्ती पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी में यूजीसी के नियमों को दरकिनार कर प्रोफेसर की भर्ती पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। मामले में यूनिवर्सिटी को नोटिस जारी कर जवाब भी मांगा है। याचिका में नियुक्ति में यूजीसी नियमों की अनदेखी करते हुए अयोग्य उम्मीदवारों को साक्षात्कार की अनुमति दिए जाने की बात कही गई है।

दरअसल, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय ने प्रोफेसर (कॉमर्स) के पद पर नियुक्ति के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू की है। डा. राजेश कुमार शुक्ला ने भी भर्ती के लिए आवेदन किया। उन्होंने अपने वकील के माध्यम से हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। इसमें बताया गया कि भर्ती प्रक्रिया में यूजीसी रेगुलेशन 2018 का उल्लंघन किया गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने योग्यता नहीं रखने वाले उम्मीदवारों के आवेदन का त्रुटिपूर्ण सत्यापन किया है। साथ ही, उन्हें साक्षात्कार के लिए योग्य घोषित कर दिया है, जो नियमों के खिलाफ है।



- प्रोफेसर (कॉमर्स) के पद पर नियुक्ति के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई है

### यह है यूजीसी का नियम

याचिका में बताया गया है कि प्राध्यापक पद के लिए यूजीसी रेगुलेशन 2018 में स्पष्ट नियम निर्धारित है। इसके अनुसार असिस्टेंट प्रोफेसर या एसोसिएट प्रोफेसर प्रोफेसर पद के लिए आवेदन तभी मान्य होगा, जब उसका कुल मासिक वेतन 7वें वेतनमान में नियुक्त सहायक प्राध्यापक या सह-प्राध्यापक के वेतन से कम न हो। वर्तमान में 7वें वेतनमान के अनुसार सहायक प्राध्यापक का कुल वेतन 1,30,000/- रुपए से अधिक होना चाहिए। सत्यापन के लिए इनकम टैक्स रिटर्न (आइटीआर) या फार्म-16 की जांच आवश्यक है।

### प्राइवेट कॉलेज के प्रोफेसर को किया शामिल

याचिका के अनुसार अगर कोई आवेदक निजी महाविद्यालय या विश्वविद्यालय से है, तो उसका शैक्षणिक अनुभव तभी मान्य होगा जब उसकी नियुक्ति संवैधानिक चयन समिति के माध्यम से हुई हो लेकिन, यूनिवर्सिटी ने बिना नियम के प्राइवेट कॉलेज के प्रोफेसर को भर्ती प्रक्रिया में शामिल कर लिया है। यह यूजीसी रेग्युलेशन 2018 का उल्लंघन है। इस नियम में कहा गया है कि किसी असिस्टेंट प्रोफेसर या एसोसिएट प्रोफेसर का प्रोफेसर पद के लिए आवेदन तभी मान्य होगा, जब उसका कुल मासिक वेतन 7वें वेतनमान में नियुक्त सहायक प्राध्यापक या सह-प्राध्यापक के वेतन से कम न हो। वर्तमान में 7वें वेतनमान के अनुसार सहायक प्राध्यापक का कुल वेतन एक लाख 30 हजार रुपए से अधिक होना चाहिए। सत्यापन के लिए यह बेहद ही जरूरी प्रक्रिया है। इसके साथ ही यदि कोई आवेदक निजी महाविद्यालय या विश्वविद्यालय से है, तो उसका शैक्षणिक अनुभव तभी मान्य होगा, जब उसकी नियुक्ति संवैधानिक चयन समिति के माध्यम से हुई हो।




24-MAR--REGNOL-pg-2-COMMAN_Layout 1 3/24/2025 11:37 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### हाई- हायर सेकंडरी ओपन स्कूल की परीक्षा 26 से

**पथरिया।** हाई हायर सेकंडरी स्कूल ओपन परीक्षा 26 मार्च से 21अप्रैल तक होगी। इसके लिए विकास खण्ड में ग्राम पड़ियाईन और सरगांव को सेंटर बनाया गया है। पड़ियाइन स्कूल के केंद्राध्यक्ष रामाधार कर्माकर ने बताया कि 22 मार्च से प्रवेश पत्र का वितरण पड़ियाइन स्कूल से किया जाएगा जो शालेय समय पर होगा।

### जनपद पंचायत की सामान्य सभा कल

**तखतपुर।** जनपद पंचायत की सामान्य सभा 26 मार्च को दोपहर 12:30 बजे से जनपद सभाकक्ष में आयोजित की गई है। यह जानकारी सीईओ सत्यव्रत तिवारी ने दी।

### ग्राम ढनढन में श्रीराम चरित मानस 30 से

**तखतपुर।** ग्राम ढनढन में श्रीराम चरित मानस अखण्ड नवधा रामायण का आयोजन 30 मार्च से 8 अप्रैल तक किया गया है। मुख्य यजमान गीता प्रसाद तिवारी, श्रीमती पुष्पा तिवारी, आचार्य अशोक तिवारी रहेंगे। कार्यक्रम की तैयारीयों में बलीराम तिवारी, सत्येंद्र तिवारी, जगमोहन कौशिक, उमेश ध्रुव सहित अन्यजन लगे हुए हैं।

## निधन

### केवी राजन



**बिलासपुर।** लिंक रोड सीएमडी कालेज स्थित शुभमंगल अपार्टमेंट निवासी केवी राजन का सोमवार को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा मंगलवार 25 मार्च की सुबह 10 बजे उनके निवास से सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे हषवर्धन के पिता व हसुमति राजन (पटेल) के पति थे।

### सुनीता यादव



**बिलासपुर।** टिकरापारा मन्नू चौक निवासी श्रीमती सुनीता यादव का सोमवार को निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार मंगलवार को सुबह 10.30 बजे दयालबंद स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे राजू यादव की पत्नि व लक्की यादव की मां थीं।

## नवाडीह स्टॉप डेम पुलिया में हुआ हादसा

# नदी में गिरा अनियंत्रित ट्रैक्टर, चालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

मनियारी नदी स्थित ग्राम लपटी स्टॉप डेम पुलिया में मुरुम लोड एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर नदी में जा गिरा। हादसे में वाहन चालक की मौत हो गई। दुर्घटनाग्रस्त ट्रैक्टर एवं चालक के शव को एक्सवेटर से बाहर निकलवाया गया। पुलिस मामला दर्ज कर विवेचना में जुट गई है।

पुलिस के अनुसार सोमवार की शाम ग्राम लपटी स्टाप डैम में एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर मनियारी नदी में पलट गया और पानी में समा गया। हादसे में वाहन चालक रानीगांव वार्ड 11 निवासी रमेश 45 वर्ष पिता पंचू निषाद की घटनास्थल पर मौत हो गई। पुलिस को सूचना मिलने पर तत्काल घटनास्थल पहुंचकर दुर्घटनाग्रस्त वाहन को बाहर निकलवाया एवं ग्रामीणों को मदद से शव को बाहर निकलवाया गया। ग्रामीणों ने बताया कि उक्त वाहन नवाडीह से मुरुम लोडकर रानीगांव लाया जा रहा था। इसी दौरान हादसे का शिकार हो गया। बताया जा रहा है कि स्टाप डैम का पुलिया बहुत ही संकरा है और दोनों तरफ उतार-चढ़ाव है पुलिस ने वाहन जप्त कर मृतक के शव को पंचनामा कर पीएम के लिए रवाना किया गया। पुलिस ने मामले में धारा 194 बीएनएसएस के तहत मर्ग कायम कायम कर मामले को विवेचना में लिया है।



अनियंत्रित होकर नदी में गिरा ट्रैक्टर एवं इनसेट में मृतक।

### उतार चढ़ाव भरी संकरी पुलिया

ग्राम के सरपंच किरीट राम यादव ने बताया कि मनियारी नदी स्थित संकरी पुलिया है, दोनों तरफ उतार चढ़ाव है इसमें बड़े वाहन बेतरतीब ढंग से आवागमन करते हैं। हमेशा दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पुलिया पर बड़े वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाई जाए। ग्राम पंचायत में प्रस्ताव पास करके बड़े वाहनों की आवागमन पर तत्काल प्रतिबंध लगाने लगाने का निर्णय लिया जाएगा।

## सड़क दुर्घटना में अधेड़ की मौत



**जरहागांव।** बरेला में हुई सड़क दुर्घटना में एक अधेड़ की मौत हो गई है। मामले में पुलिस जांच में जुट गई है। पुलिस के अनुसार घटना बरेला के चितावर तालाब एचबी ब्रिक्स के सामने की है जहां 53 वर्षीय कुरानकापा निवासी सुरेश सवैया अपने काम निपटाकर वापस घर जा रहा था। जैसे ही वे तालाब के पास पहुंचे थे कुरानकापा तरफ से आ रहे ट्रैक्टर चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक चालक पर चढ़ा दिया। घटना इतनी भयावह थी कि अधेड़ की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना लगते ही नगर अध्यक्ष नरेश पटेल, सीएमओ चंद्र भूषण बांधे तत्काल घटनास्थल पहुंचे। उसके बाद जरहागांव पुलिस को सूचना दी गई। घटना की सूचना पाकर तहसीलदार कमल किशोर पाटनवार घटनास्थल पहुंच गए। पुलिस टीम ने घटनास्थल पहुंचकर शव का पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



## एलुमनी मीटः दुबई समेत दिल्ली-मुंबई से पहुंचे पूर्व छात्र

**तखतपुर।** ठाकुर बलराम सिंह शासकीय पालीटेक्निक में शनिवार 22 मार्च को पूर्व छात्रों (एलुमनी मीट) का मिलन समारोह उत्साह और उमंग के साथ आयोजित किया गया। इस आयोजन में 1998-2005 तक के विभिन्न बैचों के पूर्व छात्र शामिल हुए और अपने पुराने दिनों की यादें ताजा कीं।

कार्यक्रम की शुरुआत संस्था के प्राचार्य दीपक कुमार साहू के स्वागत भाषण से हुई, जिसमें उन्होंने पूर्व छात्रों को संस्था के वर्तमान उपलब्धियों और विकास कार्यों से अवगत कराया। मुख्य अतिथि के रूप मे एम . के. ताण्डे, संयुक्त संचालक तकनीकी शिक्षा संचालनालय रायपुर उपस्थित रहे, संयुक्त संचालक ने अपने उद्बोधन में कहा, पूर्व छात्र किसी भी संस्थान की पहचान होते हैं, और उनकी सफलता ही कॉलेज की साख को बढ़ाती है। ऐसे आयोजनों से न केवल पुराने साथियों का पुनर्मिलन होता है, बल्कि नए छात्रों को भी प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम के अंत में संस्था प्रशासन ने सभी एलुमनी को स्मृति चिह्न भेंट किए।

### पूर्व छात्रों ने साझा किए अनुभव

एलुमनी मीट में देश-विदेश से पूर्व छात्र शामिल हुए। खास बात यह रही कि इस आयोजन में दुबई और देश के विभिन्न महानगरों जैसे दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु और पुणे से भी कई पूर्व छात्र पहुंचे। इस मौके पर पूर्व छात्रों ने अपने करियर और कॉलेज जीवन से जुड़ी यादें साझा कीं। कई पूर्व छात्र आज विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों और कंपनियों में उच्च पदों पर कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि पालीटेक्निक तखतपुर ने उनके करियर को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इंडस्ट्री लीडर्स और सफल उद्यमियों ने अपनी सफलता की कहानियों से वर्तमान छात्रों को प्रेरित किया।

## दो दिन पहले घर से निकले युवक की मिली लाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी



नगर के विश्राम गृह चौक के पास स्थित एक नवनिर्मित पान ठेले के बरामदे में सोते हुए हालत में एक 35 वर्षीय युवक की शव मिलने से सनसनी फैल गई। युवक दो दिन पहले घर से निकला था। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है।

पुलिस के अनुसार 24 मार्च की सुबह तड़के साथ 7:30 बजे नगर के विश्राम गृह चौक के पास एक नवनिर्मित पान ठेला के बरामदे में सोते हुए अवस्था में एक युवक नजर आया। सुबह जब पान ठेले वाले ने युवक को आवाज लगाकर उठाने की कोशिश की तो वह नहीं उठा तो हिलाडुला भी नहीं। इस वार्ड पार्षद के साथ कोटवार ने थाने में सूचना देकर पुलिस को मामले से अवगत कराया। पुलिस ने मृतक की शिनाख्त ग्राम परसवारा निवासी शिव प्रसाद ध्रुव 35 वर्ष पिता खोरबहरा के रूप में की है। पुलिस ने मृतक के परिजन की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर लाश को पंचनामा कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र 50 बिस्तर अस्पताल में पीएम के बाद शव परिजन को सुपुर्द किया गया।

- कोटा जाने के लिए निकला था युवक

### विवेचना जारी

युवक दो दिन पहले ग्राम परसवारा से कोटा जाने के के लिए घर से निकला था। जिसकी लाश सोमवार की सुबह लगभग 7.30 बजे पान ठेला के बरामदे में हुई। मामले में मर्ग कायम कर विवेचना की जा रही है।

**-अखिलेश वैष्णव**, थाना प्रभारी, लोरमी

## सीपत में मुक्तिधाम शेड निर्माण एवं प्रतीक्षालय का भूमिपूजन



**सीपत।** एनटीपीसी सीएसआर मद से स्वीकृत 19 लाख रुपए की लागत से होने वाले लिमहाई तालाब में मुक्तिधाम और वर्मा समाज का प्रतीक्षालय निर्माण कार्य का सोमवार को भूमिपूजन सम्पन्न हुआ 1 जिला पंचायत सदस्य राजेन्द्र धीवर व जनपद सदस्य मनोज खरे ने कहा कि सीपत में विकास की गति कभी धीमी नही होगी। जनभावनाओं का सम्मान करते हुए निश्चित ही उनकी हर उम्मीदों पर हम खरा उतरने भरसक प्रयास करेंगे। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य राजेंद्र धीवर, जनपद सदस्य मनोज खरे सीपत सरपंच मनीषा योगेश वंशकार प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रदीप पांडेय वर्मा समाज के वरिष्ठ सुंदरलाल वर्मा राजेश वर्मा दिलीप वर्मा एनटीपीसी इंजीनियर देवेंद्र कुमार सरिता जायसवाल सोनू सोनी पंच प्रतिनिधि संजय वर्मा उपस्थित रहे।

## हिन्दू नववर्ष पर धनिया से निकलेगी भव्य शोभायात्रा



**सीपत।** हिन्दू नववर्ष आयोजन समिति की अंतिम बैठक श्रीराम जानकी मंदिर धनियां में हुई। आयोजन समिति के द्वारा आगामी 30 मार्च को भव्य जीवंत झांकी के साथ हिन्दू नववर्ष मनाने सहमति बनी। सम्राट विक्रमादित्य समिति के अध्यक्ष रविकांत राजवाड़े ने बताया कि इस बार अयोध्या की श्री रामलला व छत्रपति शिवाजी महाराज की आकर्षक झांकी लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगी। शोभायात्रा बाइक रैली, जीवंत झांकी व बाजे गाजे के साथ 30 मार्च को धनियां राम जानकी मंदिर से पूजा अर्चना के साथ प्रारंभ होकर खाड़ा, हिंडाडीह, गुड़ी, सीपत से दर्राभांठा जाएगी। वहां पहुंचकर मंदिर में महाआरती प्रसाद भंडारे के साथ समापन होगा। पूरे नगर में शोभायात्रा का जगह जगह पुष्पवर्षा के साथ स्वागत होगा।



24- MAR- BSP- P-4 ZIN_Layout 1 3/25/2025 12:06 AM Page 1

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, मंगलवार 25 मार्च 2025
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



गणेश वंदना, शुद्ध कथक, अर्ध शास्त्रीय नृत्य ने मोहा मन

आयोजन

## 'उड़ान' एक्सपो का समापन महिला उद्यमियों का सम्मान



**बिलासपुर।** गुलदस्ता फाउंडेशन द्वारा आयोजित विमेंस बिजनेस एक्सपो 'उड़ान' का समापन हुआ। उद्योग भवन में आयोजित इस भव्य प्रदर्शनी का यह चौथा संस्करण था, जिसमें महिला उद्यमियों को अपने हुनर और व्यवसाय को प्रदर्शित करने का मंच मिला। फाउंडेशन की संस्थापक एवं अध्यक्ष रीता राजगीर ने बताया कि इस वर्ष एक्सपो में 20 स्टॉल लगाए गए, जिनमें हैंडमेड ज्वेलरी, बैग, फ्रेगरेंस कैंडल्स, साड़ियां, कॉस्मेटिक प्रोडक्ट्स, लड्डू गोपाल की पोशाक, कुर्तियां, बड़े-पापड़-अचार, साउथ इंडियन ज्वेलरी, गिफ्ट आइटम, बेकरी आइटम के साथी स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने हेतु होम्योपैथिक और फिटनेस और अन्य उत्पाद शामिल थे। इसके अलावा, छत्तीसगढ़ी व्यंजन का विशेष स्टॉल मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा, जिसे प्रतिभागियों और आगंतुकों से जबरदस्त सराहना मिली। तीन दिवसीय इस एक्सपो को महिलाओं का भरपूर समर्थन मिला, जिसमें सैकड़ों महिलाओं और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समापन के दिन रविवार को अवकाश होने के कारण बड़ी संख्या में लोगों ने प्रदर्शनी में पहुंचकर खरीदारी का आनंद लिया। मुख्य अतिथि आधारशिला विद्या मंदिर के अध्यक्ष डॉ. अजय श्रीवास्तव एवं मेंबर ऑफ डायरेक्टर रश्मि श्रीवास्तव रहे। उन्होंने सभी महिला उद्यमियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और उनके आत्मनिर्भरता के प्रयासों की सराहना की।

एक्सपो को सफल बनाने में संगीता लांझेवार, नंदिनी राही, ललिता कश्यप, निक्की पांडेय, डॉ सुरभि राजगीर,स्नेहलता गुप्ता, दीप्ति साहू, रश्मि तेजानी, ज्योति नामदेव, रेणु गौतम, सुनीता विश्वकर्मा का विशेष योगदान रहा।

कार्यक्रम

## ओडिशा के डोला महोत्सव में शहर की बेटियों ने दी कथक की प्रस्तुति




**बिलासपुर।** नृत्यधारा डांस अकादमी की निर्देशिका आंचल पांडेय एवं उनके शिष्यों ने चौद्वार कटक उड़ीसा में आयोजित डोला महोत्सव 2025 के उद्घाटन समारोह में कथक एवं अर्ध शास्त्रीय नृत्य की प्रस्तुति दी। शुरूआत में गणेश वंदना, शुद्ध कथक, अर्ध शास्त्रीय नृत्य पेश किया गया। इस महोत्सव में देश-विदेश के कलाकारों के साथ ही देश भर के संगीत व सांस्कृतिक प्रेमी शामिल हुए। बिलासपुर की पूर्वी चंद्रा, अनन्या साव, श्रुति देवांगन, रूचि देवांगन महोत्सव में सम्मानित हुईं। वहीं आंचल पांडेय को डोला उत्सव युवा प्रतिभा सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया। इसके लिए आंचल पांडेय ने अपने ओडिसी गुरू गजेंद्र पांडा एवं डोला महोत्सव के चयन समिति को धन्यवाद दिया। ज्ञात हो कि नृत्यांगना आंचल कला की बारीकियों और घरानो व परंपराओं की खूबियों को नवोदित कलाकारों के बीच बांटने और उन्हें एक मजबूत प्लेटफार्म देने के उद्देश्य से नृत्य अकादमी की शुरूआत की है। आंचल बताती है कि डांस एकेडमी के जरिए वह अपनी हुनर और कला को इतना प्रसारित करना चाहती है कि नृत्य सीखने वाले सभी बच्चे कला में निपुण हो जाए। यही वजह है कि वह कथक, ओडिसी नृत्य के साथ लोक, अर्थशास्त्री नृत्य सहित अन्य सभी प्रकार के नृत्य से उन्हें परिचित करा रही है।

बनाए जा रहे भगवा स्वागत द्वार, युवाओं में दिख रहा भारी उत्साह

# हिंदू नववर्ष मनाने शहर में चल रही भव्य तैयारियां

**हिंदू नववर्ष 30 मार्च को मनाया जाएगा। इसे भव्य रूप से मनाने शहर में व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही है। शहर के चौक-चौराहों में भगवा कलर से स्वागत द्वार बनाए जा रहे हैं। युवाओं की उपस्थिति में बैठक आयोजित कर कार्ययोजना बनाई जा रही है। इस आयोजन को लेकर युवाओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है।**

**बिलासपुर।** हिंदू नववर्ष का प्रारंभ चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से होता है। इसे महाराष्ट्र में गुड़ी पड़वा, पंजाब में बैसाखी, सिंध में चेटीचंड, दक्षिण भारत में युगादि, उगादि और पुथांडु, आंध्र में उगादिनाम, जम्मू-कश्मीर में नवरेह, केरल में विशु, असम में रोंगली बिहू तो महाराष्ट्र और हिंदी भाषी क्षेत्र में इसे गुड़ी पड़वा और नव संवत्सर के नाम से जाना जाता है। इस बार 30 मार्च को विक्रम संवत 2082 प्रारंभ होगा और चैत्र कृष्ण प्रतिपदा 19 मार्च 2026 गुरुवार को समाप्त होगा।



### तेलुगू नववर्ष उगादी मनाने बनाई गई कार्ययोजना



तेलुगू संयुक्त समाज कल्याण समिति ने एक बैठक आयोजित की। इसमें 30 मार्च रविवार को सुबह साढ़े 9 से रात्रि 11 बजे तक तेलुगू नववर्ष उगादी पर्व शिव-पार्वती गार्डन बंधवापारा तालाब, ईशिका पार्क हेमूनगर में मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही कार्ययोजना बना कर बताया गया कि सुबह महिलाओं, बच्चों, पुरुषों के लिए खेलकूद होगा। शाम को तेलुगू, हिंदी वॉलीवुड गीत एवं समाज के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। समिति के सचिव व्ही मधुसूदन राव ने बताया कि उगादी पर्व के दिन सुबह समाज के सबसे उम्रदराज 3 बुजुर्ग दपंतियों से दीप प्रज्जवलन कराया जाएगा। फिर सभी दंपती एवं उद्घाटन समारोह की विशिष्ट अतिथि महापौर पूजा विधानी दीप प्रज्जवलन करेंगी। सभी बुजुर्ग दंपतियों को शॉल, श्रीफल से विशिष्ट अतिथि से सम्मान करवाया जाएगा। सभी दपंतियों को कूपन दिया जाएगा। शाम को मुख्य अतिथि विधायक अमर अग्रवाल से 3 लकी ड्रा निकाल कर पुरस्कृत किया जाएगा। सुबह 10 बजे स्वास्थ्य शिविर में शुगर, बीपी एवं एक्यूप्रेशर से शरीर की जांच की जाएगी। सुबह साढ़े 10 बजे नववर्ष का पंचांग एवं राशिफल पंडित द्वारा पढ़ा जाएगा। सुबह 11 बजे वर्ग अनुसार बालक-बालिकाओं की ड्राइंग प्रतियोगिता, साढ़े 11 बजे महिलाओं के लिए रंगोली, महिलाओं, बच्चों एवं पुरुषों के लिए म्यूजिकल एवं वर्ग अनुसार बच्चों के लिए इन-ऑउट प्रतियोगिता कराई जाएगी। 2023-2024 सी.जी एवं सी.बी.एस.सी 10वीं एवं 12वीं बोर्ड में 75 प्रतिशत या उससे ऊपर उच्च अंक प्राप्त छात्रों को सम्मान पत्र देकर सम्मानीत किया जाएगा। बैठक में बी वेणुगोपाल राव, आर श्रीनिवासराव, व्ही मधुसूदन राव, रविकन्ना, एस श्रीनिवासराव, के वेंकेटराव, सी चन्द्रशेखर राव, बी वल्लभ राव, एम श्रीनू (पार्षद), एन लोकेश, जे जग्गन, सुरेश पटनाला, व्ही रवि, डी कृष्णा राव, जी व्ही नरसिंगमूर्ति, टी सूर्याराव, जी सन्मुख राव, एन रमन्नामूर्ति, एन संतोष, बी मोहनराव सहित समाज के अन्य लोग उपस्थित थे।



### रिवर व्यू में करेंगे दीप प्रज्जवलन

हिन्दू नववर्ष पर आर्यव्रत ब्राम्हण महासंघ के सदस्यों द्वारा रिवर ब्यू में सर्व हिंदू समाज द्वारा सुबह 5 बजे अरपा की आरती कर दीपक जलाए जाएंगे। शंखनाद भी किया जाएगा। महासंघ की छग. प्रदेश अध्यक्ष एवं साहित्यकार डॉ शोभा त्रिपाठी ने बताया कि शाम को सभी लोग अपने-अपने घर में दीप प्रज्जवलन कर गौ माता को भोजन खिलाएंगे। रिवर ब्यू के लिए सभी अपने घर से दीपक लेकर पहुंचेंगे।



### विशेष ड्रेस कोड में रहेगी सहभागिता

राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ की बहनें नववर्ष शोभायात्रा में विशेष ड्रेस कोड में भाग लेंगी। महासंघ की अध्यक्ष अर्चना तिवारी ने बताया कि उनके ड्रेस कोड का कलर आरेंज रहेगा। वहीं भगवा कलर की पगड़ी, बैच व परशुराम वाला पट्टा भी लगाया जाएगा। इन सब की प्लानिंग करने 28 मार्च को एक बैठक रखी जा रही है। इसमें मार्गदर्शन महासंघ की राष्ट्रीय प्रभारी प्रतिभा पाण्डेय व संभाग प्रभारी मीनू दुबे का रहेगा।

## एसईसीएल में विश्व टीबी दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड ने विश्व टीबी दिवस के अवसर पर मुख्यालय एवं विभिन्न संचालन क्षेत्रों में विशेष जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया। इस अवसर पर निक्षय शपथ, जागरूकता रैली, स्कूलों में जागरूकता शिविर, निशुल्क जांच शिविर तथा स्कूल एवं कॉलेजों में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

एसईसीएल के निदेशक बिरंची दास ने कहा कि एसईसीएल भारत के टीबी उन्मूलन अभियान को सफल बनाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। हम इस दिशा में लगातार कार्य कर रहे हैं ताकि हमारे कर्मियों एवं आसपास के समुदायों में इस बीमारी को समाप्त किया जा सके। एसईसीएल की मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रतिभा पाठक ने बताया कि एसईसीएल मुख्यालय एवं संचालन क्षेत्रों की पूरी मेडिकल टीम इस अभियान के तहत टीबी जागरूकता का संदेश जन-जन तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। हाल ही में समाप्त हुए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के 100 दिवसीय राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम में भी एसईसीएल ने योगदान दिया। राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम टीबी मुक्त भारत का विजन यह सौ दिवसीय अभियान राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तत्वावधान में राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के व्यापक ढांचे का हिस्सा है, जो टीबी उन्मूलन के लिए नैशनल स्ट्रैटेजिक का अंग है।

## ढाई घंटे तक बही काव्य रसधार रचनाओं का भी विमोचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



छंदशाला का षष्ठम स्थापना दिवस समारोह

छंदशाला का षष्ठम स्थापना दिवस समारोह सिद्ध बाबा अद्वैत परमहंस आश्रम बेलगहना में मनाया गया। दीपप्रज्वलन के पश्चात पुस्तक विमोचन का कार्यक्रम किया गया। जिसमें छंदशाला के दो रचनाकारों सुषमा पाठक कृत राम बसे हर स्वर में मेरे और कामना पांडेय कृत शैल माधुरी भाग 2 का विमोचन हुआ।

दो साहित्यिक समितियों 'प्यारेलाल गुप्त सृजन पीठ, रतनपुर' और 'कविता चौपाटी से बिलासपुर' और दो साहित्यिक व्यक्तित्व अवधेश भारत और दीनदयाल यादव का समाज में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मान किया गया। सम्मान के बाद अतिथि लवकुश कश्यप ने छंदशाला के स्थापना दिवस पर साहित्यकारों को बधाई दी और छंदशाला के इस आयोजन को महती आयोजन बताया। छंदशाला के साहित्यकारों के साथ बिताए हुए क्षण को अनमोल बताया। अतिथि राजू सिंह राजपूत मंडल अध्यक्ष बेलगहना ने छंदशाला के साहित्यकारों के सम्मान में शीघ्र ही कार्यक्रम करने और हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन युवा कवि बालमुकुंद श्रीवास ने किया। इसे सफल बनाने में छंदशाला की संयोजिका डॉ. सुनीता मिश्रा, सचिव सुषमा पाठक, कोषाध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता, मार्गदर्शक ओमप्रकाश भट्ट, संगठन मंत्री अवधेश अग्रवाल, मीडिया मंत्री कामना पांडेय सक्रिय थे। काव्य गोष्ठी में एक से बढ़कर एक रचनाएं पढ़ी गई। जिसे श्रोता मंत्रमुग्ध होकर सुनते रहे। काव्यगोष्ठी में देवेन्द्र शर्मा पुष्प,सेवक राम कपूर नूर, ओमप्रकाश भट्ट, मनीषा भट्ट, गजानंद पात्रे, डीडी यादव सहित अन्य कवि और कवयित्रियों ने काव्यपाठ किया।

स्पोर्ट्स न्यूज

### ओम वैष्णव की गेंदबाजी की बदौलत बिलासपुर की लगातार दूसरी जीत



**बिलासपुर।** स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित मेंस सीनियर एलीट ग्रुप इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें बिलासपुर अपना दूसरा मैच सरगुजा के मध्य आरडीसीए मैदान रायपुर में खेला गया। जिसमें सरगुजा ने दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक 1 विकेट पर 60 रन बना लिए थे। आज तीसरे दिन का खेल खेलते हुए सरगुजा 60.2 ओवर में 224 रन बनाकर पूरी टीम आउट हो गई। जिसमें राहुल प्रधान ने सबसे अधिक 79 रनों की पारी खेली। बिलासपुर की ओर से गेंदबाजी करते हुए ओम वैष्णव ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 18 रन देकर 4 विकेट प्राप्त किए, आशीष पांडे और वासुदेव बरेठ ने दो- दो विकेट प्राप्त किए।

### प्रीमियर लीग खेलो में छात्राओं ने लिया भाग



गुरूघासीदासी विश्वविद्यालय में रविवार को बालिका छात्रावास के तत्वाधान में प्रीमियर लीग का समापन समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान कुलगुरू की प्रेरणा से खेलो का आयोजन किया। जिसमें छात्राओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। प्रीमियर लीग में इंडोर गेम्स में लूडो, चेस, केरम के अलावा आउटडोर गेम्स में खो-खो, क्रिकेअ, वॉलीबॉल, स्पून रेस, रस्साकस्सी आदि का आयोजन किया गया। हॉस्टल्स की मुख्य अधीक्षिका प्रो. प्रतिभा जे मिश्रा ने बताया कि प्रीमियर लीग खेलो का आयोजन छात्राओं में खेल भावना का विकास करने एवं दैनिक जीवन में खेलो के महत्व को बढ़ावा देने करवाया गया है, जिसमें सभी बालिका छात्रावासों की छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सौराष्ट्र विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति प्रोफेसर नीलांबरी दवे ने शिरकत की।

### अस्मिता खेलो इंडिया जूडो वूमेंस लीग का आयोजन



भारतीय जूडो महासंघ ने छत्तीसगढ़ प्रदेश जूडो संघ को छत्तीसगढ़ के चार शहरों में अस्मिता जूडो सिटी लीग का आयोजन की स्वीकृति दी है, जिसमें बिलासपुर, भिलाई, रायपुर,बस्तर शामिल है। यह प्रतियोगिता खेलो इंडिया और भारतीय खेल प्राधिकरण के तत्वावधान में होगी, जिला स्तरीय अस्मिता खेलो इंडिया जूडो वूमेंस लीग का आयोजन खेल परिसर में हुआ। प्रतियोगिता को शुभारंभ में मुख्य अतिथि के रूप में महापौर पूजा विधानी, पार्षद रूपाली गुप्ता, ओम पाण्डेय, मनोरमा यादव, जय भैया, रानी शैलेश देवांगन, रेखा सूर्यवंशी, विजय ताम्रकार व अन्य नेता मौजूद थे। यह प्रतियोगिता अंतरराष्ट्रीय जूडो संघ और भारतीय जूडो महासंघ के नियमों के अनुसार हुई और इसमें बालिकाओं के सभी आयु और वजन वर्ग के मुकाबले किए। जिला जूडो संघ के सचिव राजकुमार जयसवाल ने बताया कि प्रतियोगिता में जीतने वाले खिलाड़ियों को कार्यक्रम के समापन में आमंत्रित मुख्य अतिथि राज्य कर अधिकारी अंशु शुक्ला, पुलिस इंस्पेक्टर श्वेता गौराहा अतिथि के रूप में मौजूद थी। छत्तीसगढ़ प्रदेश जूडो संघ के अध्यक्ष अरुण द्विवेदी, महासचिव जूडो संघ शंभु सोनी, अंतरराष्ट्रीय रेफरी किरण शर्मा, छत्तीसगढ़ टीम कोच श्वेता यादव, राष्ट्रीय रेफरी पी किशोर, विजय नाग, यशवंत ध्रुव, नेहा वर्मा भी उपस्थित रही।

### जापान में होने वाले एशियन गेम्स में वूशु का भारतीय दल करेगा प्रतिनिधित्व...



खेलो इंडिया के तहत बिलासपुर के बहतराई स्टेडियम मे चल रहे मार्शल आर्ट वूशु नेशनल लीग स्पर्धा मे देश भर से 260 महिला खिलाड़ी जुटी है। फेडरेशन के पदाधिकारियों ने प्रेस क्लब मे हुए प्रेस वार्ता मे कहा कि रविवार को स्पर्धा का समापन किया जाएगा। जिसमें फेडरेशन के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह शामिल होंगे। फेडरेशन के उपाध्यक्ष विजय सराफ और सचिव सोहेल अहमद ने बताया कि विशु का फेडरेशन कप बिलासपुर में 27 मार्च तक आयोजित है, जिसमें देशभर से 500 से ज्यादा वरिष्ठ खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इस खेल को लेकर देश की सरकार प्रोत्साहित कर रही है। अब तक इसकी राष्ट्रीय स्तर पर तीन केंद्र अरुणाचल प्रदेश,पटियाला और मणिपुर में बनाए गए हैं। छत्तीसगढ़ मे इसका एक्सीलेंस सेंटर खोलने राज्य सरकार से अनुरोध किया गया है। उन्होंने कहा वर्ष 2006से 2023 तक एशियन गेम्स मे भारतीय खिलाड़ियों ने वूशु स्पर्धाओं मे मजबूत खेल प्रदर्शन किया है। विश्व स्तर पर वरिष्ठ वर्ग मे पांचवां और जूनियर वर्ग मे भारत की पोजिशन तीसरे स्थान पर है।

### अस्मिता खेलो इंडिया ताइक्वांडो सिटी लीग टूर्नामेंट पहुंची



शक्ति, कौशल और खेल भावना का एक भव्य उत्सव पद्माक्षी ग्लोबल स्कूल में आयोजित किया गया,इस टूर्नामेंट में बिलासपुर, रायगढ़, रायपुर और गौरेला-पेंड्रा की 200 प्रतिभाशाली बालिका ने ताइक्वांडो का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि टीआई लक्ष्मी चौहान, खेल अधिकारी अवधराम चंद्राकर मौजूद थे। कार्यक्रम का आयोजन संजना तिवारी और प्राचार्य स्वेता सिंह के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय रेफरी अनिल क्षत्रिय और वरिष्ठ कोच अंकुर मिश्रा की उपस्थिति में किया गया। विजेताओं को डॉ संजना तिवारी, डॉ. उत्कर्ष तिवारी और डॉ. संध्या तिवारी द्वारा सम्मानित किया गया।

### फाइनल में अमेरी अवेंजर्स बनी चैंपियन



राजपूत क्षत्रिय समाज परिक्षेत्र के तत्वावधान में राजपूत क्षत्रिय प्रीमियर लीग का आयोजन मिनी स्टेडियम, गांधी चौक में किया गया। जिसमें कुल 8 टीमों ने हिस्सा लिया। फाइनल मुकाबला रविवार रात फ्लड लाइट में अमेरी अवेंजर्स और चिंगराजपारा लीजेंड्स के बीच खेला गया फाइनल में चिंगराजपारा लीजेंड्स की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 13.4 ओवर में 90 रन पर ऑलआउट हो गई। जवाब में अमेरी अवेंजर्स ने 7.3 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर खिताब अपने नाम कर लिया। टीम के कप्तान दिनेश ठाकुर ने शानदार पारी खेलते हुए नाबाद 53 रन बनाए, जिसमें 7 चौके और 3 छक्के शामिल थे। उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। आयोजन को सफल बनाने में ललित ठाकुर, तुलसीराम राजपूत, किशन सिंह, केदार सिंह, सुनील सिंह, मोहन सिंह, मदन सिंह, पंकज सिंह, अजय सिंह, मनहरण सिंह, ओंकार सिंह, पवन सिंह, नीलेश सिंह, भोला सिंह, सुमित सिंह, तुलसी सिंह, अमन, प्रेम, नारायण सिंह, विनीत, मनीष समेत सभी टीमों के स्पॉन्सर का अहम योगदान रहा। फाइनल मैच के मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू और अध्यक्ष दारा सिंह राजपूत ने विजेताओं को ट्रॉफी और पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

### दुर्ग के राज वासनिक बने सर्वश्रेष्ठ शक्तित्तोलक विजय बहादुर सिंह कंवर चुने गये विद्युत श्री



विद्युत कंपनी अंतरक्षेत्रीय शक्तित्तोलन एवं शरीर सौष्ठव प्रतियोगिता का आयोजन तिफरा स्थित कल्याण भवन एवं आरएल फिटनेस सेंटर तिफरा में किया गया। जिसमें पॉवर कंपनी के 9 रीजन के खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में पॉवर लिफ्टिंग तथा बॉडी बिल्डिंग स्पर्धा का आयोजन हुआ, जिसमें खिलाड़ियों ने भाग लिया। पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में टीम चैंपियनशिप का खिताब रायपुर क्षेत्र को मिला जबकि मड़वा व कोरबा पश्चिम क्षेत्र ने संयुक्त रूप से उपविजेता की ट्रॉफी अपने नाम की। दुर्ग क्षेत्र के राज वासनिक "सर्वश्रेष्ठ शक्तित्तोलक" चुने गये। बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में मेजबान टीम बिलासपुर क्षेत्र के अंजुलेस पैकरा "बेस्ट पोजर" बने जबकि रायपुर क्षेत्र के विजय बहादुर सिंह कंवर "विद्युत श्री" चुने गये। बॉडी बिल्डिंग के टीम चैंपियनशिप का प्रथम पुरस्कार मड़वा की टीम ने जीता तथा कोरबा पूर्व एवं रायपुर क्षेत्र संयुक्त रूप से उपविजेता का पुरस्कार अपने नाम किया। इस प्रतियोगिता में मनीष कुमार एवं साहिल अली ने निर्णायक की भूमिका निभाई।


दीनानाथ केशरवानी
जिलाध्यक्ष
भारतीय जनता पार्टी मुंगेली
पवन पाण्डेय
जनपद सदस्य एवं पूर्व
उपाध्यक्ष जनपद पंचायत मुंगेली
देवचरण भास्कर
उपाध्यक्ष प्रतिनिधि
उमाशंकर साहू
जिला पंचायत सदस्य
मुंगेली
जिला पंचायत अध्यक्ष मुंगेली
श्रीकांत पाण्डेय
जिला पंचायत उपाध्यक्ष मुंगेली
श्रीमती शांति भास्कर
एवं सदस्यों के पदभार ग्रहण समारोह
में पधार रहे अतिथियों का हार्दिक अभिनंदन...
अंबालिका साहू
जिला पंचायत सदस्य
रजनी सोनवानी
जिला पंचायत सदस्य
संतोषी ठाकुर
जिला पंचायत सदस्य
अनिता राजपूत
जिला पंचायत सदस्य
अनिता साहू
जिला पंचायत सदस्य
समुंद सिंद्राम
जिला पंचायत सदस्य
रत्ना काठले
जिला पंचायत सदस्य
कुंती जायसवाल
जिला पंचायत सदस्य
लक्ष्मीकांत भास्कर
जिला पंचायत सदस्य
अशोक सिंद्राम
मानिक सोनवानी
परमेश्वर ठाकुर
देवेन्द्र राजपूत
कोमल साहू
विवेक सिंह सिंद्राम
संजय काठले
उदय जायसवाल
मिथलेश केशरवानी
संकलन - जयकुमार ताम्रकार, जिला प्रतिनिधि हरिभूमि, जिला कार्यालय मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230

## खबर संक्षेप

### मुंगेली जिला पंचायत का प्रथम सम्मिलन आज



**मुंगेली।** जिले में जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्यों का प्रथम सम्मिलन 25 मार्च को दोपहर 3 बजे जिला कलेक्टोरेट स्थित जनदर्शन कक्ष में आयोजित किया जाएगा। सम्मिलन में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू और उपमुख्यमंत्री अरुण साव शामिल होंगे। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले एवं बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व सांसद लखनलाल साहू, पूर्व विधायक भूपेंद्र सिंह ठाकुर, विक्रम मोहले, चोवा दास खांडेकर सहित वरिष्ठ जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। यह जानकारी जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पाण्डेय ने दी।

### शिक्षक रत्न से सम्मानित हुए संजय यादव



**मस्तूरी।** खैरा जयरामनगर निवासी अमोरा अकलतरा में पदस्थ व्यायाम शिक्षक संजय कुमार यादव को श्री चिन्मय सागर चेरिटेबल ट्रस्ट ने शिक्षक रत्न से सम्मानित किया। शिक्षक संजय कुमार यादव शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमोरा अकलतरा में व्यायाम शिक्षक के पद पर पदस्थ हैं। वर्तमान में वे विकासखंड अकलतरा के क्रीड़ा अधिकारी के रूप में कार्य कर रहे हैं। संजय स्पोर्ट्स के साथ ही साथ स्काउट, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई अमोरा के कार्यक्रम अधिकारी भी हैं। श्री चिन्मय सागर चेरिटेबल ट्रस्ट ने उन्हें उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए शिक्षक सम्मान दिया है। श्री चिन्मय चेरिटेबल ट्रस्ट भाटापारा के अध्यक्ष अभिषेक मोदी के आतिथ्य में यह सम्मान प्रदान किया गया। वे ग्राम खैरा के प्रतिष्ठित नागरिक नरोत्तम लाल यादव के पुत्र हैं।

### यादव समाज के होली मिलन में शामिल हुए जिपं अध्यक्ष राजेश



**बेलतरा।** ग्राम पंचायत रमतला में यादव समाज द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज द्वारा अतिथियों का पुष्पगुच्छ, गुलाल लगाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्यरूप से जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष विक्रम सिंह, जनपद सदस्य राजेंद्र साहू , रमतला सरपंच राजकुमार कोरी, सनी यादव, रूखमणि यादव, विद्या यादव, विजय यादव, बसंत यादव, प्रियंका यादव, आयोजक विजय यादव सहित अन्य यादव समाज के गणमान्य नागरिक एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### ग्लोबल जर्नलिस्ट एंड मीडिया संघ की बैठक



**बिल्हा।** ग्लोबल जर्नलिस्ट एंड मीडिया संघ छत्तीसगढ़ की बिल्हा इकाई की बैठक रेस्ट हाउस में आयोजित हुई। यह इस वर्ष की पहली बैठक थी, जिसमें बिल्हा नगर एवं संगठन को किस प्रकार से मजबूती प्रदान की जाए इस पर सभी ने अपनी-अपनी राय संगठन के अध्यक्ष कमल गर्ग के सामने प्रस्तुत की। पत्रकार हित एवं पत्रकार सुरक्षा के बारे में भी सदस्यों ने अपनी राय दी। इस दौरान कई अहम मुद्दों पर भी विचार विमर्श किया गया । कार्यक्रम को सफल बनाने में नगर के पत्रकारों के साथ क्षेत्रीय पत्रकार साथियों ने भी अपनी अहम भूमिका निभाई।

### ग्रामीण के साथ मारपीट

**तखतपुर।** वैवाहिक कार्यक्रम में पेण्ड्री पहुंचें ग्रामीण के साथ मारपीट की गई जहां पुलिस ने मारपीट करने वाले ग्रामीण के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया है।पुलिस के अनुसार ग्राम गनियारी में मजदूरी का काम करने वाले दीपक सूर्यवंशी अपने पिता सुखदेव सूर्यवंशी, फुफा बलीराम सूर्यवंशी के साथ ग्राम पेण्ड्री में चुन्नू लाल सूर्यवंशी के यहां वैवाहिक कार्यक्रम में पहुंचा हुआ था पारिवारिक बात को लेकर पंकज सूर्यवंशी गाली गलौज कर मारपीट करने लगा।

## कलेक्टर ने ली समय सीमा की बैठक, योजनाओं की ली जानकारी

# नगरीय निकायों में सीएमओ वार्डों का निरीक्षण कर दूर करें पानी की समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली



बैठक में शामिल अधिकारी।

कलेक्टर राहुल देव ने जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक ली। बैठक में उन्होंने विभागीय योजनाओं एवं गतिविधियों के प्रगति के संबंध में विस्तार से जानकारी ली और जिले में बेहतर क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने ग्रीष्मकाल में बढ़ते तापमान, गर्मी एवं भूमिगत जलस्तर नीचे गिरने की समस्या को संज्ञान में लेते नगरीय निकायों में सभी सीएमओ को वार्डों का भ्रमण कर पानी की समस्या का जायजा लेने और उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में जल की उचित व्यवस्था एवं प्रबंधन करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता कुन्दन राणा ने बताया कि जिले में जल की समस्या वाले 139 गांवों का चिन्हांकन कर पानी पहुंचाने की वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है।

कलेक्टर श्री देव ने शिक्षा का अधिकार (आर.टी.ई.) के अंतर्गत प्रवेश प्रक्रिया की जानकारी लेते हुए पात्र बच्चों को पूरी पारदर्शिता के साथ प्रवेश देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा आर.टी.ई. अंतर्गत प्रवेश के लिए पैसे मांगने पर शिकायत हेतु हेल्पलाईन नंबर 9406275513, 9406275534, 9406275514, 8641002203 जारी किया गया है। किसी अधिकारी द्वारा पैसे की मांग करने पर कॉल सेंटर के उक्त नम्बर पर कोई भी व्यक्ति शिकायत कर सकते हैं। कलेक्टर ने आयुष्मान एवं वय वंदना कार्ड और वृद्धावस्था पेंशन कार्ड बनाने के प्रगति के संबंध में जानकारी ली और सभी पात्र हितग्राहियों का कार्ड बनाने पूरी संवेदनशीलता एवं तत्परता से कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने मुख्यमंत्री कन्या विवाह प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत सामूहिक विवाह कार्यक्रम की तैयारी के संबंध में जानकारी ली तथा गरिमामय आयोजन के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर ने लोरमी कॉलेज से खाम्ही तक सड़क निर्माण तथा मुंगेली से फास्टरपुर नेशनल हाईवे निर्माण की प्रगति के संबंध में जानकारी ली और समय-सीमा में पूरा करने के लिए निर्देश दिए। कलेक्टर ने नामांतरण, बटांकन, सीमांकन आदि राजस्व प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की और पथरिया में राजस्व प्रकरणों के निराकरण की धीमी प्रगति पर संबंधित नायब तहसीलदार चंद्रकांत चंद्रवंशी को शोकाज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

## कलेक्टर की फटकार के बाद हटा अतिक्रमण

**तखतपुर।** महाराणा प्रताप चौक पर अतिक्रमण को देखकर नाराज कलेक्टर ने नगर पालिका सीएमओ को फटकार लगाते हुए अतिक्रमण हटवाने के निर्देश दिए। जिस पर नगर पालिका ने दो दिन पहले से व्यापारियों को नोटिस जारी कर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए थे संतुष्टिपूर्ण जवाब नहीं मिलने पर सीएमओ ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। कुछ दिन पूर्व तखतपुर में बिलासपुर कलेक्टर अवनीश कुमार शरण शासकीय कार्यक्रम में आए थे। कार्यक्रम स्थल जाते वक्त महाराणा प्रताप चौक में अतिक्रमण होने के कारण कलेक्टर ने नगर पालिका सीएमओ अमरेश सिंह से नाराजगी व्यक्त की और अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। इसके बाद सीएमओ ने अतिक्रमण हटाने के लिए बकायदा ठेला, गुमटी वालों को नोटिस दिया जहां नियत तिथि तक नोटिस का जवाब नही देने और अतिक्रमण नहीं हटाने पर आज नगर पालिका राजस्व अमले ने मौके पर पहुंचकर अतिक्रमण को हटाया।





## प्रधानमंत्री मोदी के आगमन की तैयारी को लेकर हुई जिला भाजपा की बैठक

**गौरेला।** 30 मार्च को बिलासपुर जिले के मोहभट्टा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आगमन हो रहा है। युक्त कार्यक्रम में जिला गौरेला पेंड्रा मरवाही के भाजपा कार्यकर्ताओं एवं आम जनता को अधिक से अधिक संख्या में ले जाने हेतु भाजपा जिला कार्यसमिति की विस्तृत बैठक जिला भाजपा कार्यालय गौरेला में हुई।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष लालजी यादव ने कहा कि हमें पूरे जिले के बूथ स्तर तक एक एक कार्यकर्ता एवं आम जनता को लेकर जाना है। हमारे जिले को दस हजार का लक्ष्य मिला है हमें उससे भी अधिक संख्या से लोगों को लेकर जाना है। बैठक को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कन्हैया सिंह राठौर, पिछडा वर्ग मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष बृजलाल सिंह राठौर, गौरेला नगरपालिका अध्यक्ष मुकेश दुबे, ओंकार सिंह ओट्टी ने भी संबोधित किया। बैठक का संचालन कुबेर सिंह सर्राटी ने एवं आभार प्रदर्शन डा. शिवप्रताप राय ने किया। बैठक में प्रमुख रूप से प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कन्हैया सिंह राठौर, दिलीप यादव, दयाचंद पोर्ते, बालकृष्ण अग्रवाल, दिनेश मरावी, रितेश फरमानिया, कुलदीप सिंह धीरज, डा.प्रवीण राय, जिला पंचायत सदस्य श्याममणि राठौर, पवन पैकरा, भँवरसिंग गोवास, राजेश अग्रवाल, नगरपालिका गौरेला उपाध्यक्ष रोशनी तापस शर्मा, नगरपालिका पेंड्रा उपाध्यक्ष शरद गुप्ता, तापस शर्मा, राजकुमार रोहणी, अजय तिवारी, राजकुमार पुरी,अरुण तिवारी, अजय रजक, किशनसिंग राठौर, राकेश दीक्षित सहित अन्य मौजूद थे।

## राष्ट्रव्यापी महापरीक्षा में शामिल हुए 10 हजार नवसाक्षर



**पेंड्रा।** उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग तथा राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान नई दिल्ली की संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रव्यापी बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान मूल्यांकन परीक्षा का आयोजन 23 मार्च को कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी के मार्गदर्शन में प्रातः 10 से शाम 5 बजे तक जिले के तीनों विकासखण्डों में 166 ग्राम पंचायतों के 403 परीक्षा केन्द्रों में संचालित हुई।

जिला शिक्षा अधिकारी जेके शास्त्री ने बताया कि उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत जिलें में परीक्षार्थियों के सुविधा के अनुसार नजदीक के प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के 403 परीक्षा केन्द्रों में 10247 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा आदर्श साक्षराता केन्द्र कुड़कई तथा प्रा. शाला छपराटोला में संचालित परीक्षा का अवलोकन किया। परीक्षा केन्द्रो के मॉनिटिरिगं हेतु जिला/विकासखण्ड स्तर पर मॉनिटिरिग का गठन कर अधिकारी/कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी। परीक्षा में सास-बहू, देवरानी-जेठानी, पति-पत्नी, पिता-पुत्र, ननद-भाभी एवं 76 से 85 वर्ष के बुजुर्ग शिक्षार्थियों ने परीक्षा दिलाई। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी डॉ. संजीव शुक्ला एवं संजय नामदेव की टीम द्वारा आदर्श साक्षरता केन्द्र पतेराटोला, मा. शाला सधवानी, मा. शाला गौरेला एवं सारबहरा का निरीक्षण किया। जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर कंट्रोल रुम भी बनाया गया जिससे पूरी परीक्षा की मानिटरिंग की गई, सम्पूर्ण परीक्षा के दौरान विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, दिलीप पटेल, आरएन चन्द्रा, डा. संजीव शुक्ला एवं बीआरसीसी संतोष सोनी, अजय राय, रामकुमार बघेल एवं ब्लाक नोडल अधिकारी, संजय नामदेव, संजय टांडिया, अजय चैधरी, राकेश चैधरी सहित जिले के समस्त जनप्रतिनिधियों का अमूल्य योगदान रहा।

## सिलतरा उपसरपंच ने किया भाजपा प्रवेश

**तखतपुर।** ग्राम पंचायत सिलतरा में उपसरपंच बने संतोष यादव ने चुनाव जीतने के बाद मण्डल अध्यक्ष दिनेश साहू के नेतृत्व में विधायक धर्मजीत सिंह के समक्ष भाजपा प्रवेश किया। क्षेत्र में विकास को गति देने और भाजपा की योजनाओं रीति, नीति से प्रभावित होकर ग्राम पंचायत सिलतरा के उपसरपंच निर्वाचित हुए संतोष यादव ने चुनाव जीतने के बाद विजयपुर भाजपा मण्डल अध्यक्ष दिनेश साहू ने श्री यादव को तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह के समक्ष भाजपा प्रवेश कराया। श्री यादव ने तखतपुर विधानसभा में पार्टी को मजबूत करने और विकास के लिए भाजपा प्रवेश करना बताया।




## संतों के आगमन से सुधर जाती है संस्कृति: त्रिलोक



**बिलासपुर।** बेलतरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मोहतराई में आह्वान अखाड़ा काशी के संत सुदर्शन गिरी महाराज की प्रेरणा से श्री रूद्र पंच कुंडीय महायज्ञ, रामकथा एवं भगवान शिव मंदिर निर्माण प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर यज्ञ प्रेरणाचार्य सुदर्शन गिरी महाराज ने कहा कि संतों, ऋषि मुनियों का काम लोगों को मार्गदर्शन करना एवं जनकल्याण के लिए अनवरत लगे रहना है। अयोध्या से आए बालव्यास सुश्री प्यासी ने कहा कि भगवान श्री राम की कथा करने का पुण्य अवसर उन्हें मिला है। कांग्रेस नेता त्रिलोक चंद्र श्रीवास ने कहा कि संतों के आगमन से संस्कृति सुधर जाती है। ऋतुराज वसंत के आगमन से प्रकृति सुधरता है। यज्ञ से वातावरण के साथ-साथ आत्मिक मानसिक शुद्धि होती है। इच्छित कामनाओं की प्राप्ति होती है। इस अवसर पर आयोजन समिति के राजीन सुखनंदन साहू बहरा देवी रामकुमार साहू गोदावरी राजकुमार साहू पीटी राव संतोष राव पार्वती शंकर साहू नैना कन्हैया साहू ने एवं ग्राम के युवा नेता लव साहू कौशल साहू सपना मराठा फूल सिंह राज ने श्री त्रिलोक श्रीवास एवं उनके साथ आए कांग्रेस नेता कौशल श्रीवास्तव चरण सिंह राज राहुल गोरख चिराग जैन का स्वागत किया।

## धर्म के मार्ग पर चलने वालों की रक्षा करते हैं ईश्वर



**तखतपुर।** जो व्यक्ति हमेशा सत्य और धर्म के मार्ग पर चलता है ईश्वर सदा उसकी रक्षा करते हैं। व्यक्ति को हमेशा अपने धर्म का पालन करना चाहिए और यही व्यक्ति के जीवन का उद्देश्य भी है। चाहे कितनी भी विपरीत परिस्थिति क्यों ना आ जाए व्यक्ति को अपने धर्म के मार्ग पर ही चलना चाहिए। यह कथा नगर के संस्कृतिक भवन प्रांगण में आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह में कथा वाचक पंडित कपिल शर्मा ने कही।

आगे उन्होंने धर्मो रक्षति रक्षितः पर कथा विस्तार करते हुए कहा कि जो धर्म की रक्षा करता है, धर्म उसे रक्षा करता है। हमें अपने धर्म, अपनी संस्कृति, और अपने मूल्यों की रक्षा करनी चाहिए। जब हम ऐसा करते हैं, तो धर्म और हमारे मूल्य हमें भी रक्षा करते हैं।ये तीन शब्द हमें अपनी जिम्मेदारियों को समझने और अपने धर्म और संस्कृति के प्रति समर्पित रहने के लिए प्रेरित करता है। अपने जीवन में धर्म के महत्व को समझने के लिए प्रेरित करता है। यह हमें यह याद दिलाता है कि धर्म हमारे जीवन को अर्थ और उद्देश्य देता है, और हमें अपने जीवन में धर्म के सिद्धांतों का पालन करना चाहिए। नगर के राम सदन में अखिल भारतीय रामचरितमानस समिति के द्वारा श्रीमद् भागवत कथा एवं श्री रामचरितमानस सम्मेलन का आयोजन किया गया है जहां पर दोपहर में श्रीमद् भागवत की कथा एवं रात्रि में श्री रामचरितमानस पर प्रवचन विभिन्न मानस मर्मज्ञों के द्वारा दिया जा रहा है। कथा श्रवण करने के लिए नगर सहित आसपास क्षेत्र से श्रद्धालु पहुंचकर देर रात तक कथा श्रवण कर रहे हैं।कथा अवसर पर अनिल सिंह ठाकुर, जुगल किशोर पांडे, रोहन सिंह ठाकुर, जितेंद्र शुक्ला, योगेंद्र मिश्रा, महेश सिंह, श्रवण सिंह, कोमल सिंह, जीवन लाल पांडे, आचार्य पंडित धनंजय मिश्रा यजमान श्रीमती संतोषी पप्पू साहू सहित अन्य उपस्थित रहे।

## बोर्ड ऑफ विजिटर्स के सदस्यों ने किया जेल का निरीक्षण

**मुंगेली।** बोर्ड ऑफ विजिटर्स के सदस्यों द्वारा जिला जेल मुंगेली का व्यापक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाकशाला, अस्पताल, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष, कार्यालय एवं मुलाकात व्यवस्था सहित जेल प्रशासन की विभिन्न व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। बोर्ड ऑफ विजिटर्स के सदस्यों ने जेल की विभिन्न बैरकों का दौरा कर बंदियों से खान-पान, अधिवक्ता नियुक्ति, पेयजल, मनोरंजन, स्वास्थ्य एवं उपचार सुविधाओं को लेकर चर्चा की और आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए। निरीक्षण दल ने जेल परिसर में बनी स्वच्छता और अनुशासन की सराहना की। बातचीत के दौरान बंदियों ने बताया कि जेल में किसी भी प्रकार का जातिगत भेदभाव नहीं किया जाता है और सभी को समान सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। निरीक्षण के दौरान जिला एवं सत्र न्यायाधीश चन्द्रकुमार अजगल्ले, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्रीमती कंचनलता आंचला, डिप्टी कलेक्टर अजय कुमार शतरंज, एस.डी.ओ.पी. मयंक तिवारी सहित बोर्ड ऑफ विजिटर्स के अन्य सदस्य एवं अधिकारी उपस्थित रहे। सहायक जेल अधीक्षक ममता पटेल एवं अन्य स्टाफ ने निरीक्षण दल को सभी व्यवस्थाओं की विस्तृत जानकारी दी।




**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मौजा ग्राम मोपका पटवारी हल्का नं.29 रा.नि.मं. मोपका, तहसील बिलासपुर जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 2366/4 रकबा 0.1813 हे. हैं जो कि समस्त भू अभिलेख एवं राजस्व प्रपत्रो में श्री राजकुमार, पवन, चमेली, महेश, दुर्गा, राजकुमारी, सचिन, संजय, सरिता, रेखा बाई पिता बलराम कश्यप के नाम पर दर्ज हैं। तथा उक्त खसरा मे से 6000 वर्गफूट भूमि को मेरे पक्षकार ईश्वर लाल पिता स्व. जीवनराम जाति सतनामी निवासी बसंत विहार कालोनी ए/114 तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा आज दिनांक 24/03/2025 को चेंक क्र. 730533 (एस बी आई) एवं 000024 (एचडीएफसी बैक) के माध्यम से 2,00,000/- (दो लाख रूपये) बयाना राशि देकर विक्रय करने का पक्का सौदा किया गया हैं तथा निकट भविष्य में उक्त भूमि की पंजीयन होना तय हैं। यदि उक्त खसरा नं. के भूमि के संबंध में किसी भी व्यक्ति, बैक, सरकारी अथवा गैर सरकारी संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 5 दिवस के अंदर सम्पूर्ण दस्तावेज सहित निम्न पते पर प्रस्तुत कर सकते हैं, समय पश्चात की गई आपत्ति मान्य नही होगी। सो सूचना जाने।

दिनांक :- 25/03/2025

भवदीय
धनीराम श्रीवास (अधिवक्ता)
कार्यालय लख्मी टॉवर व्यापार विहार
बिलासपुर (छ.ग.) मो. नं. 9770849193

**आम सूचना**

मै अपने आसामी श्रीमति सुरेखा थानेश्वर आयु 42 वर्ष पति श्री निखिल कुमार थानेश्वर निवासी मकान नं. 127 वार्ड नं. 18 मस्जिद वार्ड बेमेतरा जिला बेमेतरा छ.ग. की ओर से अधीकृत होकर उनके निर्देशानुसार निम्न आशय का आम सूचना प्रकाशित करता हू कि मौजा तिफरा प.ह.न.23/36 रानी मंडल बिलासपुर वि.ख. बिल्हा तहसील एवं जिला बिलासपुर छ.ग. के अन्तर्गत स्थित स्तार क्रमांक 18 भू-खंड क्रमांक 29/14 खसरा नं.382/21 क्षेत्रफल 880 वर्गफुट भूमि जो उसके हिस्से ग्राउडफ्लोर में मकान निर्मित उसके उपर की खुली छत सहित एवं स्तार क्रमांक 18 भू-खंड क्रमांक 29/5 खसरा नं. 382/5 क्षेत्रफल 1x44=44 वर्गफुट कुल रकबा 924 वर्गफुट की बिक्रि करने की पक्की सौदा विक्रेता-श्रीमति निशा चन्द्रसेन पति जे.एस.पी. चन्द्रसेन निवासी बाराद्वार रेल्वे कॉलोनी जिला सक्ती छ.ग. से हो चुकी है जिसकी अग्रीम राशि बयाना दिया जा चुका है, माह अप्रेल 30/04/2025 में रजिस्ट्रि होना तय है। शो सूचना किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था, शासकीय/अर्धशासकीय आदि जिसे आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर अधिवक्ता निवास कार्यालय में लिखित आपत्ति दर्ज कराए शो सूचना जाने

दिनांक 24/03/ 2025

भवदीय
जे.एस.पी. चन्द्रसेन
अधिवक्ता, हाई कोर्ट बिलासपुर छ.ग.
कार्यालय-निवास वैष्णवी विहार फेस 1
मकान नं. 25 अमेरी, जिला बिलासपुर छ.ग.
मो.नं. 9329081085

**कार्यालय प.ह.नं. 03 रा.नि.मं. एवं तहसील बोदरी जिला-बिलासपुर**

**सूचना बाबत**

प्रति,
1. रा. राजमार्ग बिलासपुर संभाग 2. उमेश पिता लक्ष्मी प्रसाद 3. इरशाद अहमद पि. इस्तियाक अहमद 4. कावेरी बाई पति नर्मदा प्रसाद 5. भागवत पि. सुकालू 6. विकास जीवनानी पि. टीकम दास 8. त्रिभुवन पाण्डेय पि. नंदकुमार 9. रोइस एक्का पि. उज्जवला 10. संतोष, विष्णु पि. रूमु 11. दिलीप पि. पुल्लूराम वगै.12. श्यामलाल पि. रामदयाल 13. लक्ष्मीन पि. भुवन 14. द्वारिका पिता सखाराम 15. सचिन पि. विश्वनाथ खुदशाह

**विषय: सीमांकन हेतु सूचना संबंध।**

संदर्भ : आपका ज्ञापन क्र./क/वाचक/तह.2025 /378 बोदरी दिनांक 04.03.2025

उपरोक्त विषयांतर्गत आवेदक/आवेदिका गणेश अग्रवाल पिता/पति सुभाष अग्रवाल निवासी तेलीपारा बिलासपुर के द्वारा ग्राम हरदीकला टोना प.ह.नं. 03 रा.नि.मं. बोदरी तह. बिल्हा जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 1029/1, 1856/2, 1858, 1929, 1046/1 रकबा 0.1044, 0.2297, 0.186, 0.223, 0.044 एकड़/हे. भूमि का रिकार्ड दुरूस्ती/फर्द बटवारा/फौती नामांतरण/सीमांकन कराने हेतु न्यायालय नायब तहसीलदार बोदरी के समक्ष आवेदन किया है। उक्त आदेश के परिपालन में आवेदित भूमि का मौका जांच दिनांक 27.03.2025 समय 11:00 बजे किया जावेगा।

अतः आप सभी उक्त दिनांक व समय पर मौके पर अपनी स्वत्व संबंधी कागजात के साथ मौके पर उपस्थित रहे। सूचना प्राप्त होने के पश्चात अनुपस्थित रहने पर समस्त जवाबदारी होगी।

टीप: उक्त दिनांक व समय पर आवश्यक शासकीय कार्य आ जाने से मौका जांच/ फर्द बटववारा/सीमांकन की कार्यवाही स्थगित माना जाएगा।

बी.पी. निर्मलकर
प.ह.नं. 03
तह. बोदरी, जि. बिलासपुर (छ.ग.)

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल बोदरी तहसील बोदरी जिला-बिलासपुर छ.ग.**

**सीमांकन/मौका जांच के समय उपस्थित होने हेतु सूचना पत्र**

प्रति,
आवेदक/आवेदिका गणेश अग्रवाल पि. सुभाष आवेदक के बताये अनुसार समीपी भूमि स्वामी 1. नरेश सिंह पि. पवन 3. शैलेष अग्रवाल 4. नेहरू, रामानंद पि. दरबारी 5. नेमा कुजूर 6. विवेक कुमार गुप्ता पि. रामजी 7. NHAI

**विषय: सीमांकन/मौका जांच के समय उपस्थित होने हेतु सूचना के संबंध में।**

संदर्भ : न्याया.तह. बोदरी के ज्ञापन क्रमांक /क/ ना. तह./वा/2025 बोदरी दिनांक 04.03.2025

उपरोक्त विषयांतर्गत आवेदक/आवेदिका गणेश अग्रवाल पिता/पति सुभाष जाति अग्रवाल निवासी बिलासपुर द्वारा आवेदित भूमि ग्राम सिलपहरी प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. व तहसील बोदरी जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 387/1, 387 रकबा 0.0950 हे. एकड़ के संबंध में प्रस्तुत आवेदन पर/सीमांकन किये हेतु न्याया.नाय. तहसीलदार बोदरी में छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 129 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित पत्र को परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन/मौका जांच दिनांक 27.03.25 को 11:00 बजे को किया जाना है। अतः आप उक्त समय पर अपने समस्त कागजात के साथ मौके पर उपस्थित रहे। उक्त समय पश्चात की गई आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

टीप: उपरोक्त सीमांकन/मौका जांच अपरिहार्य कारणों से तिथि में बदलाव किया जा सकता है।

रा.नि. बोदरी
तहसील बोदरी, जिला बिलासपुर

**कार्यालय प.ह.नं. 60 उसलापुर तहसील सकरी, जिला-बिलासपुर(छ.ग.)**

**सीमांकन सूचना**

प्रति,
1. संतोष कुमार सोनी पिता स्व. जगदीश प्रसाद सोनी 2. गणेश प्रसाद 3. शिवशंकर वस्त्रकार 4. सुशीला देवी यादव 5. ओम प्रकाश 6. अन्य संबंधित/समीपस्थत भू स्वामी

**विषय: सीमांकन/बटांकन/स्थल निरीक्षण में उपस्थित रहने बाबत।**

संदर्भ : न्यायालय तहसीलदार/अति तह./ना. तह. सकरी के ज्ञापन दिनांक 17.03.2025

संदर्भित विषयाअंतर्गत ज्ञापन के पालन में ग्राम उसलापुर प.ह.नं. 60 रा.नि.मं. सकरी तह. सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) के अंतर्गत खसरा नं. 205/59 रकबा 0.011 एकड़ /हेक्टेयर भूमि स्वामी संतोष कुमार पिता/पति स्व. जगदीश प्रसाद निवासी मेन रोड जूना बिलासपुर के द्वारा सीमांकन/बटांकन/स्थल निरीक्षण का आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूमि का सीमांकन/बटांकन/स्थल निरीक्षण दिनांक 28.03.2025 को लगभग 11:00 से 5:00 बजे किया जावेगा। अतः आप समीपवर्ती भूमि संबंधी दस्तावेज सहित नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होंवे।

अनुपस्थिति की दशा में आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगा। अतः सूचना जाने।

टीप: विशेष परिस्थिति में अपरिहार्य कारणों से सीमांकन/बटांकन/स्थल निरीक्षण तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।

1.तहसीलदार/अति.तह./ना.तह. सकरी को सूचनार्थ। 2. राजस्व निरीक्षक को सूचनार्थ। 3. न.पा.नि. बिलासपुर को सूचनार्थ।

पटवारी
प.ह.नं. 60
तह. सकरी, जिला-बिलासपुर(छ.ग.)

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल सकरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर**

**सीमांकन सूचना**

प्रति, 1. माया दुबे 2. दरश की भूमि 3. जगदेव की भूमि 4. श्रीराम पार्क कालोनी

विषय:-सीमांकन/स्थल जाँच में उपस्थित रहने बावत।

संदर्भ:- न्यायलय तहसीलदार/ अति. तह/ना. तह. के ज्ञापन दिनांक 17.01.2025

संदर्भित विषयान्तर्गत ज्ञापन के पालन में ग्राम सकरी प.ह.न. 45. रा.नि.म. सकरी तह. सकरी जिला बिलासपुर के अंतर्गत खसरा न. 318/63 व 4 रकबा 2.31 एकड़/ हेक्टेयर भूमि स्वामी विओम डेवलेपर्स पिता/ पति द्वारा प्रतिक विधानी निवासी सकरी के द्वारा सीमांकन/ स्थल जाँच का आवेदन प्रस्तुत किया है।

उक्त भूमि का सीमांकन/स्थल जाँच दिनांक 28/03/2025 को समय 11:00 से 5.00 PM बजे किया जावेगा।

अतः आप सभी भूमि संबंधी समस्त दस्तावेज बैनामा पत्रक सहित नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होवें। अनुपस्थिति की दशा में आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। अतः सुचना जाने।

टीप:- विशेष परिस्थिति में अपरिहार्य कारणों से सीमांकन/ स्थल जाँच की तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।

1. न्यायालय तहसीलदार/ अति. तह./ना. तह. को सूचनार्थ। 2. हल्का पटवारी को सूचनार्थ। 3. नगर पालिक निगम बिलासपुर को सूचनार्थ।

राजस्व निरीक्षक, सकरी

**कार्यालय कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, मुंगेली (छत्तीसगढ़)**

**सूचना प्रकाशन**

क्रमांक 1554/वा./ वि.अ./2025
मुंगेली, दिनांक 18/03/2025

प्रति, आवेदक श्री मोहनीश राजपूत आ. गुनीराम राजपूत, जाति- लोधी, उम्र 27 वर्ष, निवासी ग्राम खैरी तहसील पथरिया, जिला मुंगेली (छ.ग.) एवं कु. हिमाशी कक्कड़ आ. देवेन्द्र, उम्र 27 वर्ष, निवासी टीकरापारा बिलासपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा आपको सूचना दी जाती है कि आवेदकगणों के विशेष विवाह पर यदि किसी प्रकार का कोई आपत्ति/ दावा हो तो दिनांक 28.03.2025 को समय 03:00 बजे मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति/ दावा पेश कर सकते है। आपके उक्त तिथि को उपस्थित नहीं होने की दशा में आपकी सहमति मानते हुए प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी। बाद में आपत्ति पेश करने पर विचार नहीं किया जा सकेगा।

अतिरिक्त कलेक्टर एवं
विवाह अधिकारी
जिला मुंगेली (छत्तीसगढ़)

**न्यायालय नायब तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्रमांक/क/ना.तह./वा./2025
बिलासपुर, दिनांक 11.03.2025

ग्राम खमतराई के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक राधेश्याम अवस्थी पिता स्व. हरप्रसाद अवस्थी निवासी खमतराई तहसील व जिला बिलासपुर द्वारा मौजा खमतराई प.ह.नं. 25 स्थित भूमि खसरा नंबर 114/1 रकबा 0.405 हेक्टेयर भूमि का नामांतरण हेतु इस न्यायालय में अंतर्गत छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है।

यदि किसी व्यक्ति/ संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/ दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 07.04.2025 को सुबह 11.00 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेगे।

आज दिनांक 11.03.2025 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

नायब तहसीलदार
बिलासपुर (छ.ग.)

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल मोपका तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**सूचना**

क्रमांक/Q/ सीमांकन/रा.नि./2025
बिलासपुर दिनांक 05/02/2025

प्रति, 1. आवेदक श्रीमती राखीनाथ पति देवीशीष नाथ आवेदक के बताए अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी 2. अप्पल राजू 3. बेनर्जी 4. सलूजा एवं अन्य सभी हितबद्ध पक्षकार।

विषय:- सीमांकन में उपस्थिति बाबत।

संदर्भ:- न्यायालय तहसीलदार/ तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्रमांक Q/ तह. / ना.तह. /वा. 2024 बिलासपुर, दिनांक 18/09/2024

ग्राम मोपका प.ह.न. 29 रा.नि.मं. मोपका तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 1065/30 रकबा 2400 वर्गफुट हेक्टेयर के सीमांकन हेतु आवेदक श्रीमती राखीनाथ निवासी तोरवा के द्वारा छ.ग. भू राजस्व संहिता, 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार/ तहसीलदार बिलासपुर को आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमाकंन दिनांक 02/04/2025 को समय 12:00 से 05.00 के बीच किया जाना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज़ के साथ मौके पर उपस्थित होवें एवं उक्त समय पश्चात की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

राजस्व निरीक्षक
मोपका बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय नायब तहसीलदार 2 बिलासपुर**

**मामले की श्रेणी: राजस्व**

संदर्भ:-जिला-बिलासपुर तहसील-बिलासपुर प.ह.न.-00044 ठेका ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-CT202425400109700014

**ईश्तहार**

तहसील बिलासपुर के प.ह.न. 00044 के अंतर्गत ग्राम ठेका के वर्तमान भूमिस्वामी गायत्री बाई कश्यप पति सूरजपाल कश्यप पिता / पति-पता-कुदुदण्ड बिलासपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 162/105 (0.0200) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता गायत्री बाई पिता/पति -सूरजपाल कश्यप पता-कुदुदंड के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 15/04/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार 2 बिलासपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति /संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 20/03/2025 को जारी किया जाता है।

नायब तहसीलदार
Rahul Sharma
बिलासपुर

**न्यायालय नायब तहसीलदार 2 बिलासपुर**

**मामले की श्रेणी: राजस्व**

संदर्भ :- जिला बिलासपुर तहसील - बिलासपुर प.ह.न.-00032 सरकंडा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-CT202425400107900154

**ईश्तहार**

तहसील बिलासपुर के प.ह.न. 00032 के अंतर्गत ग्राम सरकंडा के वर्तमान भूमिस्वामी शीला ताम्रकार पिता/पति स्व. रमेशचंद्र ताम्रकार पता-सा देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 1085/30 (0.0040) में प्रस्तावित भूमिस्वामी / क्रेता प्रमोद ताम्रकार श्रद्धा ताम्रकार पिता/पति गोविन्द दास ताम्रकार पता- लोधीपारा सरकंडा के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 15/04/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार बिलासपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति /संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 21/03/2025 को जारी किया जाता है।

नायब तहसीलदार
Neha Vishwakarma
Tahsil-Bilaspur


प्रथम सम्मिलन समारोह जिला पंचायत मुंगेली
माननीय श्री तोखन साहू जी
केन्द्रीय राज्यमंत्री, भारत सरकार
माननीय श्री अरुण साव जी
उप मुख्यमंत्री छ.ग. शासन
माननीय श्री पुन्नू लाल मोहले जी
विधायक मुंगेली
माननीय श्री धरमलाल कौशिक जी
विधायक बिल्हा
श्रीकांत पाण्डेय
अध्यक्ष जिला पंचा. मुंगेली
श्रीमती शांति देवचरण भास्कर
उपाध्यक्ष जिला पंचा. मुंगेली
श्री उमाशंकर साहू
जिला सदस्य
श्रीमती संतोषी परमेश्वर ठाकुर
जिला सदस्य
श्रीमती समुंद सिन्द्राम
जिला सदस्य
श्रीमती अंबालिका साहू
जिला सदस्य
श्रीमती अनिता कोमल साहू
जिला सदस्य
श्रीमती कुन्ती उदय जायसवाल
जिला सदस्य
श्रीमती रजनी मानिक सोनवानी
जिला सदस्य
श्रीमती रत्ना संजय काठले
जिला सदस्य
श्री लक्ष्मीकांत भास्कर
जिला सदस्य
श्रीमती अनिला देवेन्द्र राजपूत
जिला सदस्य
कार्यक्रम
दिनांक - 25 मार्च 2025
दिन- मंगलवार, समय- दोपहर 03:00 बजे
स्थान : कलेक्टर जनदर्शन सभाकक्ष, मुंगेली
श्रीमती आशा शंभू कश्यप
सरपंच ग्राम पंचायत लोहड़िया
श्री लक्ष्मीचंद मोहले
सरपंच ग्राम पंचायत दशरंगपुर
श्रीमती रानू मेवाराम कश्यप
सरपंच ग्राम पंचायत कोसमा
श्रीमती ललिता संतोष बंजारे
सरपंच ग्राम पंचायत भथरी
श्रीमती किरण श्रीकांत कश्यप
सरपंच ग्राम पंचायत छतौना
श्रीमती भुनेश्वरी देवी प्रसाद साहू
सरपंच ग्राम पंचायत भठलीकला
श्रीमती रानू तुकाराम साहू
सरपंच ग्राम पंचायत बरदुली
श्रीमती बेबी विनोद कश्यप
सरपंच ग्राम पंचायत बिरगांव
श्रीमती रीना दुर्गेश साहू
जनपद सदस्य छतौना
वेदमण्डल ध्रुव
जनपद सदस्य ठकुरिकापा
श्री उमेश कुमार साहू
सरपंच ग्राम पंचायत फरहदा
श्री संतोष खाण्डे
सरपंच ग्राम पंचायत डोमनपुर
श्री राम स्नेही कश्यप
-:संकलनकर्ता:-
पी.भारती बेनेट
हरिभूमि प्रतिनिधि
जरहागांव (मुंगेली)
मो. 7389105897
विनीत :- समस्त सरपंच समूह जरहागांव ,जिला-मुंगेली (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### रामन विश्वविद्यालय ने पूजा को दी पीएचडी की उपाधि



**बिलासपुर।** डॉ. सी.वी. रामन विश्वविद्यालय बिलासपुर ने पूजा यादव को वाणिज्य संकाय के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य में स्वरोजगार सृजन एवं कौशल विकास में स्व-सहायता समूह की भूमिका एक अध्ययन विषय पर पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। यह शोध डॉ .प्रभाकर पाण्डेय के निर्देशन में किया गया। उनका शोध केंद्र बिलासपुर संभाग था। इस शोध कार्य में स्व सहायता समूह का अध्ययन कर महिला सशक्तिकरण व स्वरोजगार के माध्यम से महिला विकास पर प्रकाश डाला गया। इनकी इस उपलब्धि पर डी.एल.एस. महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ रंजना चतुर्वेदी, अध्यक्ष निशा बसंत शर्मा सहित पूरे डी.एल.एस परिवार में हर्ष जताया है।

### सहायक प्राध्यापक प्रज्ञा को मिली पीएचडी की उपाधि



**बिलासपुर।** एलसीआईटी महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापक श्रीमती प्रज्ञा सिंह को मैक्स यूनिवर्सिटी ने पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उन्होंने अपना शोध कार्य डॉ. श्रीमती सुनीता शशिकांत तिवारी के कुशल मार्गदर्शन में पूर्ण किया। उनके शोध प्रबंध का विषय श्रीलाल शुक्ल के व्यंग्य उपन्यासों का समीक्षात्मक अध्ययन है। श्रीमती सिंह ने अपनी उपलब्धि का श्रेय श्रद्धेय गुरुजी और परिजनों को दिया है।

### रसायन शास्त्र में संगीता को मिली पीएचडी की उपाधि



**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय की शोध छात्रा संगीता बंजारे द्वारा उनके शोध कार्य पूर्ण होने पर पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। इनका यह शोध कार्य कोरबा जिले में फिजिको केमिकल स्टडीज ऑफ द इफ्लुएंट्स डिसचार्जड फ्रॉम द सुपर थर्मल पावर प्लांट एनटीपीसी एट कोरबा विषय पर रहा। शोध निदेशक डॉ. नीता गुप्ता,सह-शोध निदेशक डॉ.ए. एल.एस.चंदेल के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

### मिशिका राव ने कक्षा 6वीं में प्रथम स्थान प्राप्त किया



**बिलासपुर।** लालखदान स्थित होलीक्रॉस सीनियर सेकेंडरी शाला में पढ़ने वाली कक्षा 6वीं की छात्रा सुश्री मिशिका राव ने 94 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। सुश्री मिशिका राव की इस विशिष्ट उपलब्धि का श्रेय अपने अध्ययन के प्रति रूचि, व्यस्ततम अध्ययन शेड्यूल, अपने माता-पिता श्रीमती रीता राव, शिव राव एवं टीचर्स को देती हैं। सुश्री मिशिका की उपलब्धि पर समस्त शाला एवं परिवार गौरवान्वित हैं।

### 101 ब्राम्हण बटुकों का निशुल्क होगा उपनयन संस्कार

**बिलासपुर।** परशुराम ब्राहम्मण समाज द्वारा सोमवार को दोपहर 3 बजे जबड़ापारा स्थित हनुमान मंदिर में बैठक का आयोजन किया गया था। उक्त बैठक में समाज द्वारा 30 अप्रैल को 101 ब्राम्हण बटुकों सामूहिक निशुल्क उपनयन संस्कार कराने का निर्णय लिया गया है। जिसका आयोजन श्री राम घोंघा बाबा मंदिर श्री खाटू श्याम मंदिर में संपन्न होगा। इच्छुक बटुक के परिजन निशुल्क उपनयन संस्कार कराने हेतु श्री खाटू श्याम मंदिर में आवेदन प्राप्त कर भरकर जमा कर सकते हैं। बैठक में समाज के अध्यक्ष डॉ. गायत्री प्रसाद पांडे, संरक्षक डॉ. रजनीश पांडे, उपाध्यक्ष केशव प्रसाद तिवारी, निर्मल झा, केएल शुक्ला, आईएस तिवारी, केके तिवारी, ओमप्रकाश पांडे, राजा अवस्थी, ललित किशोर व्यास, अजीत मिश्रा, नारायण मिश्रा , आनंद मिश्रा, श्रीमती राजश्री मिश्रा, रेखा पांडे, शोभा मिश्रा, उमा त्रिपाठी, नंदिनी दुबे, रीता तिवारी, प्रेमलता दुबे, सरोज मिश्रा, सुषमा पांडे, कृष्णा पांडे उपस्थित रहे ।

### शाही रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन महापौर ने की शिरकत




**बिलासपुर।** तालापारा तैयबा चौक में रविवार को यंग सुन्नी क्लब के जानिब से शाही रोजा इफ्तार पार्टी का प्रोग्राम रखा गया, जिसमें हुसैनी मस्जिद के इमाम सैय्यद साहब, बिलासपुर महापौर पूजा विधानी, अशोक विधानी, प्रमोद नायक, अजय श्रीवास्तव, पार्षद महेश चंद्रिकापूरे, पार्षद शेख नजीरुद्दीन (छोटे) उपस्थित रहे। कमेटी के अध्यक्ष सैय्यद वसीम खान ने बताया 18 वर्ष से हर वर्ष रोजा इफ्तार पार्टी यांग सुन्नी क्लब के जानिब से रखी जा रही है, जिसमें हजारों की संख्या में रोजेदार इफ्तार करने आते हैं।

### एडीएम की अध्यक्षता में समस्याओं पर किया गया विचार-विमर्श



**बिलासपुर।** एडीएम शिवकुमार बनर्जी की अध्यक्षता में उभयलिंगी व्यक्तियों से संबंधित समस्याओं के निदान हेतु बैठक आयोजित किया गया। जिसमें उभयलिंगी व्यक्तियों हेतु राशन कार्ड, आवास, लोक अदालत में उभयलिंगी व्यक्तियों की सुनवाई हेतु एक सदस्य की नियुक्ति, उभयलिंगी व्यक्तियों के लिए सार्वजनिक स्थानों पर शौचालय की व्यवस्था, कौशल विकास, लिंग परिवर्तन हेतु शैल्य क्रिया अनुदान सहित अन्य बिन्दुओं पर विचार-विमर्श किया गया। इसके अलावा प्रशासनिक स्तर पर सुनवाई के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त करने पर चर्चा हुई। बैठक में समिति के सदस्य मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रमोद तिवारी, संयुक्त संचालक समाज कल्याण विभाग श्रीमती श्रद्धा मैथ्यू, समिति के सदस्य विजय अरोरा, सुश्री श्रेया, परिवीक्षा अधिकारी श्रीमती सरस्वती रामेश्री, लीलाधर भांगे, ईशान धिरही आदि उपस्थित थे।

48 प्रकरणों की सुनवाई, 35 का निराकरण, बालिका गृह, महिला हास्टल का किया निरीक्षण

# राष्ट्रीय महिला आयोग ने महिलाओं के मुद्दे पर संवेदनशीलता बरतने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य श्रीमती ममता कुमारी ने सोमवार को बिलासपुर में महिलाओं से प्राप्त शिकायतों की सुनवाई की। 48 प्रकरणों की जन सुनवाई हुई, जिनमें कुछ प्रकरणों का त्वरित निराकरण भी किया गया और लंबित प्रकरणों का निराकरण करने पुलिस अधिकारियों को एक सप्ताह का समय दिया गया। राष्ट्रीय महिला आयोग सदस्य ने पुलिस प्रशासन को महिलाओं के मुद्दों पर संवेदनशीलता और शीघ्रता से कार्य कर उन्हें राहत प्रदान करने की बात कही है। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह एवं एडीएम आरए कुरूवंशी मौजूद रहे।

पुलिस लाइन के चेतना हॉल में आयोजित जन सुनवाई में जांजगीर, कोरबा, बिलासपुर ,मुंगेली सहित कुल 5 जिलों से प्राप्त शिकायतों की सुनवाई हुई। आयोग के समक्ष कुल 48 प्रकरणों को जनसुनवाई के लिए रखा गया था। उन्होंने संबंधित थानों के पुलिस अधिकारियों से प्रकरणों के निराकरण की दिशा में कार्यवाही की जानकारी ली और पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि महिलाओं से जुड़े मुद्दों में संवेदनशीता बरतें तथा निराकरण की दिशा में शीघ्रता से कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि पुलिस अधिकारी यदि मामलों की गंभीरता से जांच और कार्यवाही करेंगे तो प्रकरण आयोग तक नहीं पहुंचेंगे। पुलिस द्वारा महिलाओं के मुद्दों पर अधिक संवेदनशीलता की अपेक्षा है। उन्होंने कहा कि मामलों का निराकरण संबंधित थाना प्रभारियों को एक सप्ताह के भीतर करने के निर्देश दिए गए हैं।




सोमवार को प्रकरणों की सुनवाई करती राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य ममता कुमारी।

## न्याय पद्धति अनुरूप महिलाओं को न्याय दिलाने का कार्य

जनसुनवाई के बाद राष्ट्रीय महिला आयोग सदस्य श्रीमती ममता कुमारी ने प्रेसवार्ता में बताया कि घरेलू हिंसा, दहेज प्रताड़ना सहित कई मामले आयोग के पास आए हैं जिनके त्वरित निराकरण की दिशा में आयोग द्वारा यह पहल की गई है। इसके तहत देशभर में महिलाओं से प्राप्त शिकायतों के संबंध में संबंधित राज्य के जिलों में संभाग स्तर पर सुनवाई का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आयोग की न्याय पद्धति के अनुरूप महिलाओं को न्याय दिलाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है ताकि महिलाएं सम्मान के साथ तनाव रहित जीवन जी सकें। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की महिलाओं के लिए शुरू की गई सखी वन स्टॉफ सेंटर से महिलाओं के मुद्दों की सुनवाई शीघ्रता से हो रही है।

इस अवसर पर राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती लक्ष्मी वर्मा ,श्रीमती सरला केसरिया, राष्ट्रीय महिला आयोग के साइकोलॉजिस्ट, सुश्री सलोनी प्रभाकर, कानूनी सलाहकार साहिल कुमार, महिला बाल विकास विभाग के कार्यक्रम अधिकारी व विभागीय अधिकारी के साथ बड़ी संख्या में पुलिस व वकीलों की भी उपस्थित रही। राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य द्वारा आज महिला हेल्पलाइन सखी वन स्टॉप सेंटर, बालिका गृह और कामकाजी महिला हॉस्टल व वृद्धाश्रम का भी निरीक्षण किया गया व आवश्यक जानकारी लेकर व्यवस्थाओं के संबंध में जरूरी निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।

## स्वर्णकार समाज ने धूमधाम से मनाया होली मिलन उत्सव



**बिलासपुर।** स्वर्णकार समाज बिलासपुर द्वारा सामाजिक होली मिलन उत्सव बड़े धूमधाम और उत्साहपूर्वक मनाया। इस दौरान रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें समाज की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में केंद्रीय सचिव रामेश्वर सोनी एवं केंद्रीय सदस्य रुक्मणी सोनी, मानिक सोनी, विष्णुकांत सोनी एवं बिलासपुर मंडल के अध्यक्ष अजय सोनी, महिला मंडल अध्यक्ष विनीता सोनी, उपाध्यक्ष चेतना सोनी, मंजू सोनी ने राम दरबार का पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठजनों को नारियल, फूलमाला के साथ गुलाल लगाकर सम्मान किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम पुष्पलता सोनी ने स्वागत गीत तथा सविता सोनी व पुष्पलता सोनी द्वारा डांस प्रस्तुत किया गया। राजेश सोनार के द्वारा काव्य पाठ किया गया। डा. अजय सोनी, संपदा सोनी, अभिनव सोनी के बच्चों ने मीत के द्वारा गीत प्रस्तुत किया गया। वही रंगारंग कार्यक्रम के तहत पुष्पलता एवं सविता सोनी के द्वारा एकल नृत्य की गई। सोनिया सोनी, विजयलक्ष्मी सोनी एवं संपदा सोनी की पुत्री ने गीत गाकर बहुत ही मनमोहक डांस प्रस्तुत की गई। भगवान श्री कृष्ण के रूप में शशि सोनी एवं राधा के रूप में प्रज्ञा सोनी द्वारा बहुत ही शानदार सुंदर मनमोहक नृत्य के साथ फूलों की होली खेली गई। कार्यक्रम में अत्यधिक संख्या में सामाजिक स्वजन सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का आयोजन बिलासपुर मंडल के संरक्षक पूरीराम सोनी के कुशल मार्गदर्शन में हुआ। नास्ता चाय व खाने की व्यवस्था सुधांशु सोनी, संजय सोनी (आसमा सिटी), संजय सोनी (दुर्गा ज्वेलर्स) राजीव सोनी, श्रीकांत सोनी ने किया। स्वागत व्यवस्था लक्ष्मी नारायण सोनी, आशीष सराफ द्वारा किया गया। भवन व्यवस्था में परमेश्वर सोनी ने अपना सहयोग प्रदान किया।

महिला मंडल टीम से उपाध्यक्ष चेतना सोनी, मंजू सोनी, सांस्कृतिक प्रभारी प्रज्ञा सोनी, माधवी सोनी, शशि सोनी, पुष्पलता सोनी, श्वेता सोनी, सविता सोनी , ओम लता सोनी, सुनंदा सोनी, सोनिया सोनी ने सहयोग प्रदान किया।

## प्राथमिक शाला परिसर में असामाजिक तत्वों का डेरा



**बिलासपुर।** सिरगिट्टी क्षेत्र के नवीन प्राथमिक शाला परिसर में बाउंड्रीवाल न होने से असामाजिक तत्वों को डेरा जमा रहता है। जगह-जगह शराब की खाली बोतलें और डिस्पोजल पूरे परिसर में पड़ा हुआ है। इससे शाला में पढ़ने वाले 200 छात्र-छात्राओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वार्ड पार्षद ने साप्ताहिक जनदर्शन में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर जल्द निराकरण करने निवेदन किया है। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर अवनीश शरण ने अपनी सोमवार को साप्ताहिक जनदर्शन में लोगों की समस्याएं सुनी। इस दौरान लोगों ने व्यक्तिगत एवं सामूहिक मामलों को लेकर लगभग 150 आवेदन दिया। कलेक्टर ने मिलने पहुंचे हर व्यक्ति से मुलाकात कर उनकी परेशानी पूछी और इनके समुचित निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान बिल्हा ब्लॉक के ग्राम धमनी स्थित सेन्ट एण्ड्रूज स्कूल के बच्चों ने अपने पालकों के साथ कलेक्टर से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि कुछ कारणों से स्कूल बंद हो गया है, जिससे स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है। सभी बच्चे आरटीई के तहत स्कूल में अध्ययन कर रहे थे। उन्होंने अध्ययन की निरंतरता बनाए रखने के लिए ऐसे निजी स्कूल में प्रवेश दिलवाने की मांग की जहां आरटीई लागू हो। कलेक्टर ने उनके आवेदन को जिला शिक्षा अधिकारी को भेजते हुए आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए।

## शंकर को मिला अमरनाथ साव स्मृति सम्मान



**बिलासपुर।** मस्तूरी निवासी शंकर यादव को अमरनाथ साव स्मृति समाजसेवी सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें धार्मिक, सामाजिक एवं राजनैतिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया गया है।

तुलसी साहित्य अकादमी छग इकाई बिलासपुर द्वारा तृतीय वार्षिक समारोह 2025 का आयोजन किया गया था। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. विनय कुमार पाठक व अध्यक्षता थावे विद्यापीठ गोपालगंज के कुलपति डॉ. श्रीधर गौराहा की गरिमामयी उपस्थित में अमरनाथ साव स्मृति समाजसेवी सम्मान शंकर यादव को प्रदान किया गया। श्री यादव एक जननायक लोकप्रिय नेता, राजनीति में शुचिता के लिए सतत प्रयत्नशील, धार्मिक, सामाजिक एवं राजनैतिक क्षेत्र में सेवा के लिए सदैव तत्पर रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में शिव प्रताप साव, विष्णु कुमार तिवारी पूर्व विधायक चंद्र प्रकाश बाजपेयी, अखिलेश चंद्र बाजपेयी, विनय पाण्डेय आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर अनिरूद्ध सिंह परिहार, अवनीश साव, सुरेश तिवारी, अनिल गुप्ता, राजेश गुप्ता, आशीष गुप्ता, लक्ष्मीकांत गुप्ता, रामावतार गुप्ता, निलेश गुप्ता, रमाकांत मिश्रा, संतोष गुप्ता, अमितराज गुप्ता, अजय गुप्ता, देवनारायण कश्यप, गिरीश चंद्र गुप्ता, प्रभात गुप्ता, शिव परिहार, अश्वनी गुप्ता, रमेश गुप्ता, सतीश सोनी, नवीन गुप्ता, शेखर सिंह, नरेन्द्र गुप्ता, विनीत गुप्ता, प्रवीण गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## आई किड्स किंगडम कार्निवाल का सफलतापूर्वक समापन



**बिलासपुर।** करबला रोड स्थित आई किड्स किंगडम स्कूल में आयोजित तीन दिवसीय कार्निवाल में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। इस दौरान बच्चों ने फैंसी ड्रेस, डांस, स्केटिंग, ड्राइंग-पेंटिंग, एक्टिंग और क्रिएटिव आर्ट्स जैसी कई गतिविधियों की प्रस्तुति दी। इस कार्यक्रम में बच्चों, उनके माता-पिता एवं सभी शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

एजुकेशन प्लस

कार्यक्रम का शुभारंभ आयांश देवांगन द्वारा गायत्री मंत्र के उच्चारण से हुआ। मुख्य अतिथि श्रीमती निवृत्ति जेम्स, अभिनव चंदेल, शशि माधव गुप्ता और डॉ. श्रुति गुप्ता ने दीप प्रज्ज्वलित कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया और आयोजन की सराहना की।

तीन दिवसीय कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने फैंसी ड्रेस और डांस प्रतियोगिता में अलग-अलग किरदारों को जीवंत किया और शानदार परफॉर्मेंस दी। सात्विक पटेल ने अद्भुत स्केटिंग कौशल दिखाए। ड्राइंग और पेंटिंग गतिविधि के दौरान छोटे बच्चों ने अपनी कल्पना को रंगों में उकेरा। मुंबई से आई श्रीमती लेखना सिंह ने बच्चों को पर्सनालिटी डेवलपमेंट और एक्टिंग के गुर सिखाए। बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता में बच्चों ने वेस्ट सामग्रियों से सुंदर कलाकृतियाँ बनाई। पढ़ाई में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले सभी कक्षा के श्रेष्ठ विद्यार्थियों को सराहनीय प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंतिम दिन डॉ. प्रकृति जेम्स मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थीं। हेल्दी बेबी कम्पटीशन, पेरेंटिंग को लेकर टिप्स जल क्रीड़ा आदि गतिविधियां संपन्न हुई। अंत में उपहार वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

मुख्य अतिथि, पालक गण एवं अन्य गणमान्य जनों द्वारा कार्यक्रम की खूब सराहना की गई। एक दिवसीय पर्सनालिटी डेवलपमेंट पर निःशुल्क वर्कशॉप आयोजित किया जाएगा, जिसमें 5 से 15 वर्ष तक के बच्चों ने भाग लेकर पर्सनालिटी को बेहतर बनाने के तरीकों को जाना। स्कूल के निदेशक के अनुसार अगले साल नए उत्साह, नई गतिविधियां और नई लर्निंग्स के साथ आई किड्स कार्निवाल का आयोजन किया जाएगा।

## समिति की मांग, पीएम मोदी करें 300 करोड़ के अनुदान व जमीन वापसी की घोषणा

**बिलासपुर।** हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने पीएम नरेंद्र मोदी के आगामी प्रवास पर बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट के विकास के लिए 300 करोड़ रुपए का अनुदान और सेना के कब्जे की जमीन वापस करने की घोषणा करने की मांग की है। समिति ने पीएस से मिलने के लिए ज्ञापन दिया है।




समिति ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य तमिलनाडु से बड़ा राज्य है, लेकिन रायपुर के अलावा किसी अन्य शहर में बोइंग और एयरबस एयरोप्लेन लैंड कराने की सहुलियत नहीं है। इसके विपरित तमिलनाडु में 6 सर्वसुविधायुक्त एयरपोर्ट है। राज्य का दूसरा प्रमुख शहर बिलासपुर है और हाईकोर्ट, एनटीपीसी, एसईसीआर, एसईसीएल होने के बाद भी विकसित एयरपोर्ट नहीं मिल पा रहा है। समिति ने विकास के लिए 300 करोड़ की राशि देने की मांग की है। वहीं एयरपोर्ट के विस्तार के लिए आवश्यक 1012 एकड़ जमीन का हस्तातंरण राज्य सरकार को करने की मांग की गई है।

रविवार को महाधरना जारी रहा, इस दौरान पूर्व महापौर रामशरण यादव, मनोज तिवारी, रवि बनर्जी, देवेंद्र सिंह ठाकुर, अनिल गुलहरे,रणजीत सिंह खनूजा, महेश दुबे,प्रकाश बहरानी, मोहसिन अली और सुदीप श्रीवास्तव शामिल थे।

**निषाद समाज करेगा भूख हड़ताल**

एयरपोर्ट के उन्नयन में हो रही देरी और केन्द्र सरकार के उदासीन रवैये को देखते हुए निषाद समाज प्रतिनिधियों के द्वारा भूख हड़ताल की जाएगी। 27 मार्च को समिति के तत्वावधान में भूख हड़ताल की जाएगी।

## पीएम का विरोध- प्रदर्शन करने जुटेंगे 11 हजार पंचायत सचिव

**बिलासपुर।** अनिश्चतकालीन हड़ताल पर चल रहे पंचायत सचिवों को शासन ने शनिवार को 24 घंटे में काम पर वापस लौटने का अल्टीमेटम दिया था, जिसका पंचायत सचिवों पर कोई असर नहीं पड़ा। अब पंचायत सचिवों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 30 मार्च को बिलासपुर आगमन के दिन विरोध प्रदर्शन का निर्णय लिया है जिसके लिए प्रदेश के 11 हजार पंचायत सचिव बिलासपुर में जुटेंगे। पंचायत सचिवों का हड़ताल सप्ताहभर से जारी है। पंचायत सचिव संघ के प्रदेशाध्यक्ष उपेन्द्र पैकरा सोमवार को बिलासपुर आए थे और यहां कोटा, मस्तूरी, बिल्हा ब्लाकों में जाकर सचिवों के धरना में शामिल हुए। पंचायत सचिवों ने अब निर्णय लिया है कि वे प्रधानमंत्री के बिलासपुर आगमन पर विरोध प्रदर्शन करेंगे। इसके लिए प्रदेशभर के विभिन्न जिलों के पंचायत सचिव 30 मार्च को बिलासपुर में जुटेंगे। प्रदेश में पंचायत सचिवों की संख्या लगभग 11 हजार है। इधर पंचायत सचिवों पर शासन के अल्टीमेटम का कोई असर नहीं पड़ा। पंचायत विभाग के संचालक द्वारा सभी जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देश जारी किया गया है।

## डॉ. अलका ने कोरवा जनजाति पर प्रस्तुत किया शोध व्याख्यान

**बिलासपुर।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजाति विश्वविद्यालय अमरकंटक में संसाधन उपयोग और संरक्षण में जनजाति ज्ञान प्रणाली विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। सेमिनार में बिलासपुर जिले से प्राचार्य डॉ. अलका यादव ने कोरवा जनजाति की महिला सशक्तिकरण पर अपना शोध व्याख्यान प्रस्तुत किया।

- इंदिरा गांधी जनजातीय राष्ट्रीय विवि के कुलपति रहे मुख्य अतिथि

उन्होंने कोरवा जनजाति की महिलाओं की सशक्तिकरण और उनके सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक जीवन पर गहन शोधपत्र प्रस्तुत करते हुए बताया कि किस प्रकार यह जनजाति अपनी परंपराओं और रीति-रिवाजों को आज भी जीवित रखे हुए हैं। उन्होंने जनजाति की आजीविका, भाषा, पहनावा और त्योहारों के महत्व को रेखांकित किया। इस राष्ट्रीय सेमिनार की अध्यक्षता करते हुए डॉ. अलका यादव ने जनजातीय संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंदिरा गांधी जनजातीय राष्ट्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति ब्योमकेश त्रिपाठी ने अपने संबोधन में कहा कि देश की लोक संस्कृति और आदिवासी जीवनशैली के संरक्षण के लिए ऐसे शोध संगोष्ठियों का आयोजन बेहद महत्वपूर्ण है।



सेमिनार में विभिन्न विद्वानों और शोधकर्ताओं ने आदिवासी समुदायों, लोककला, परंपरागत ज्ञान और जनजातीय जीवनशैली पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम में आदिवासी जीवन के विविध पहलुओं पर चर्चा करते हुए शोधार्थियों ने जनजातियों के संरक्षण हेतु ठोस उपायों की आवश्यकता जताई।

इस सेमिनार में देशभर के विभिन्न विश्वविद्यालयों और शोध संस्थानों के विद्वानों ने भाग लिया। कार्यक्रम में अमरकंटक विश्वविद्यालय के प्राध्यापक, शोधार्थी और विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। संगोष्ठी के संयोजक, बिरसा मुंडा के चेयर प्रोफेसर प्रसन्ना सामल, प्रोफेसर डॉ. संजय कुमार यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## डेवलपमेंट प्रोग्राम का सीवीआरयू में समापन

**बिलासपुर।** एआईसीटीई और शिक्षा मंत्रालय के इनोवेशन सेल (एमआईसी) द्वारा नवाचार और उद्यमिता पर आयोजित 5 दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) का समापन सीवीआरयू आईटीबीआई, डॉ. सी.वी. रमन विश्वविद्यालय, बिलासपुर में समापन समारोह के साथ हुआ। यह कार्यक्रम 18 से 22 मार्च 2025 तक आयोजित किया गया था, जिसका उद्देश्य शिक्षकों को उद्यमशीलता कौशल से सशक्त बनाना और उन्हें अपने संस्थानों में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए सक्षम बनाना था।



मुख्य अतिथि कुलपति डॉ. प्रदीप घोष ने इस तरह के क्षमता निर्माण कार्यक्रमों की महत्ता पर प्रकाश डाला और शिक्षकों को अपने संस्थानों में नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विश्वविद्यालयों को स्टार्टअप अनुकूल माहौल तैयार करने की आवश्यकता पर जोर दिया, जिससे छात्र समस्या समाधान की मानसिकता विकसित कर सकें। विशिष्ट अतिथि कुलसचिव डॉ. अरविंद तिवारी ने इस पहल की सराहना करते हुए सीवीआरयू आईटीबीआई द्वारा शिक्षकों में उद्यमशीलता कौशल को बढ़ावा देने के प्रयासों की प्रशंसा की। अकादमी अधिष्ठाता डॉ. जयति चटर्जी मित्रा ने प्रतिभागियों की सक्रिय भागीदारी की सराहना की और उन्हें छात्रों को प्रेरित करने और उनका मार्गदर्शन करने के लिए अपने ज्ञान का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किय। कार्यक्रम के दौरान, सीवीआरयू आईटीबीआई के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और एफडीपी के प्रिंसिपल इन्वेस्टिगेटर (पीआई) रविकुमार तिवारी ने 5 दिवसीय कार्यक्रम की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की।

## डीआरएम की अध्यक्षता में हुई पीएनएम बैठक

**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल में डिवीजन स्तर पर दो दिवसीय पीएनएम परमानेंट नेगोशियेशन मशीनरी बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता डीआएम राजमल खोईवाल ने की। इस दौरान एडीआरएम योगेश देवांगन, चंद्रभूषण भी मौजूद थे। संचालन वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी डॉ. अंशुमान मिश्रा, मंडल कार्मिक अधिकारी रूहीना तुफैल खान ने किया। इसमें शाखा अधिकारियों के अलावा साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर कांग्रेस बिलासपुर के मंडल समन्वयक विजय अग्निहोत्री, बी कृष्णकुमार, लक्ष्मण राव, दिलीप स्वाइन, आरके यादव, रवि धल सहित अन्य शाखा सचिव शामिल थे। इस दौरान मान्यता प्राप्त संगठन साउथ ईस्ट सेन्ट्रल रेलवे मजदूर कांग्रेस की ओर से उठाए गए विषयों पर चर्चा की गई।


मुख्य अतिथि
माननीय तोखन साहू जी
सांसद बिलासपुर, केन्द्रीय राज्यमंत्री
विशिष्ट अतिथि
माननीय अरुण साव जी
उप मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ शासन
जिला पंचायत बिलासपुर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष
मान. श्री राजेश सूर्यवंशी एवं
उपाध्यक्ष
श्रीमती ललिता संतोष कश्यप
तथा माननीय सदस्यों के
शपथ ग्रहण समारोह
में आप सभी अतिथियों का
स्वागत एवं अभिनंदन...
श्री राजेश सूर्यवंशी
अध्यक्ष
जिला पंचायत बिलासपुर
कार्यक्रम
दिनांक: 25 मार्च 2025, मंगलवार,
समय: दोपहर 2:30 बजे
स्थान: 'स्व. लखीराम अग्रवाल ऑडिटोरियम' बिलासपुर
श्रीमती ललिता संतोष कश्यप
उपाध्यक्ष
जिला पंचायत बिलासपुर
माननीय मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों एवं गणमान्य नागरिकों की
गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न होगा।
इस अवसर पर आप सादर आमंत्रित हैं...
श्रीमती अनसुईया जागेन्द्र कश्यप
क्षेत्र क्र. 1
डॉ. गोविंद राम यादव
क्षेत्र क्र. 5
श्रीमती भारती नीरज माली
क्षेत्र क्र. 8
श्रीमती अंबिका विनोद साहू
क्षेत्र क्र. 9
श्रीमती अरूणा चन्द्रप्रकाश सूर्या
क्षेत्र क्र. 11
श्रीमती राधा खिलावन पटेल
क्षेत्र क्र. 14
निरंजन सिंह पैंकरा
क्षेत्र क्र. 15
संतोष कश्यप
जागेन्द्र कश्यप
चन्द्रप्रकाश सूर्या
खिलावन पटेल
विनोद साहू
चित्रेश परिहार
विनीत: चित्रेश परिहार

## खबर संक्षेप

### जिला पंचायत सदस्यों का शपथ ग्रहण आज

**बिलासपुर।** जिला पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित नवनिर्वाचित सदस्यों का प्रथम सम्मिलन एवं शपथ ग्रहण समारोह मंगलवार को होने जा रहा है। इस शपथ ग्रहण कार्यक्रम में केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू व उप मुख्यमंत्री अरूण साव समेत जिले के सभी विधायक उपस्थित रहेंगे। जिला पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्यों का प्रथम सम्मिलन और शपथ ग्रहण कार्यक्रम स्वर्गीय लखीराम अग्रवाल आडिटोरियम में दोपहर 2.30 बजे होगा।

### घरेलू विवाद में डाक्टर दंपती से मारपीट

**बिलासपुर।** घरेलू विवाद में डाक्टर दंपती से मारपीट कर ईंट से हमला करने वाले भाई व भाभी के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, बसंत विहार कालोनी डा. नेहा पाण्डेय पति अमृत कुमार ने रिपोर्ट लिखाई। वे अपोलो हास्पिटल में डाक्टर के पद पर पदस्थ हैं। उनका भाई चंद्रशेखर पाण्डेय एवं भाभी ईशिका पाण्डेय के बीच पारिवारिक बात को लेकर अनबन हो गई थी। 22 मार्च को रात 10 बजे उनके भाई व भाभी उनके घर आए और उनकी भाभी पति पत्नी के बीच क्यों आ रहे हो कहकर विवाद करने लगी। आवाज सुनकर उनके पति अमृत कुमार बाहर निकले तो दोनों पति पत्नी उनके साथ मारपीट करते हुए ईंट से हमला कर दिया है। पुलिस ने डा. नेहा की रिपोर्ट पर हमलावर भाई भाभी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### पुरानी रंजिश को लेकर युवक पर कैंची से हमला

**बिलासपुर।** पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक ने दूसरे युवक के साथ मारपीट करते हुए कैंची से हमला कर दिया है। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, नूतन चौक निवासी हर्ष जायसवाल पिता रामचंद्र जायसवाल पान ठेला चलाते हैं। उनका पूर्व में अतुल यादव के साथ विवाद हुआ था। उसी विवाद में अतुल यादव ने उन्हें समझौता करने के लिए कहा। उसने मना किया तो गाली गलौज व मारपीट करते हुए कैंची से पेट व चेहरे पर हमला कर दिया है। पुलिस ने हर्ष की रिपोर्ट पर हमलावर अतुल यादव के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### वाहन की टक्कर से योग शिक्षक घायल

**बिलासपुर।** कार की टक्कर से बाइक सवार योगा शिक्षक घायल हो गए हैं। उनके पैर में चोट आई। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, कुदूदण्ड माता चौरा निवासी अयोध्या जायसवाल पिता स्व. राधेश्याम जायसवाल व्यापार विहार सेंट जेवियर हाई स्कूल में योग शिक्षक हैं। 20 मार्च को सुबह वह अपने बाइक से स्कूल जा रहे थे। व्यापार विहार गुम्बर पेट्रोल पंप के पास मोड़ में सामने से आ रहे वाहन क्रमांक सहीजी 10 एडी, 1757 के चालक ने तेज गति से लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उनकी बाइक को टक्कर मार दिया। हादसे में उनके पैर में गंभीर चोट आई थी।

---

**खस्ताहाल**

रतनपुर से केंवची के बीच नेशनल हाइवे के निर्माण कार्य में ठेकेदार ने की सुरक्षा मानकों की अनदेखी

# सड़क पर डायवर्सन गायब, कभी भी हो सकता है हादसा, उड़ रहे धूल के गुबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रतनपुर से केंवची के बीच नेशनल हाइवे की सड़क खस्ताहाल है। इस सड़क पर हाल ही में निर्माण कार्य शुरू कराया गया है। नेशनल हाइवे द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्य में ठेकेदार द्वारा सुरक्षा मानकों की अनदेखी की जा रही है। सड़क पर डायर्वसन तक नहीं है। वहीं सड़क पर मुरूम और गिट्टी होने के कारण धूल के गुबार उड़ रहे हैं, जिससे आने जाने वालों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

रतनपुर से केंवची और पेंड्रा मरवाही होते हुए मध्यप्रदेश जाने वाले मार्ग में निर्माण कार्य जारी है, रतनपुर से केंवची मार्ग सालों से खस्ताहाल है, जिससे दुरूस्त किया जा रहा है। नेशनल हाइवे द्वारा निर्माण कार्य शुरू कराया गया है। निर्माण कार्य के चलते लोगों का हाल बेहाल हो रहा है। सड़क को टू लेन निर्माण के तर्ज पर निर्माण किया जा रहा है, करीब 77 किमी सड़क को बनाने में डेढ़ साल का समय लग सकता है। खास बात यह है कि सड़क की मजबूती के लिए सड़क के दोनों हिस्सों की चौड़ाई बढ़ाई जा रही है, सड़क पर मुरूम और मिट्टी पड़ी है, लेकिन सड़क निर्माण के दौरान ठेकेदार द्वारा ना तो डायवर्सन लगाया गया है और ना ही सुरक्षा फीता लगाया गया है, जिससे अनहोनी होने की आशंका बनी हुई है। वहीं शाम होते ही पूरी सड़क पर अंधेरा छा जाता है, जिससे आसपास के लोगों में दुर्घटना को लेकर भय व्याप्त है, इसकी जानकारी एनएच विभाग के अधिकारियों को मिलने के बाद अब सड़क पर सुरक्षा के उपाए बढ़ाने की बात कही जा रही है।



### 311 करोड़ होंगे खर्च

राज्य नेशनल हाइवे द्वारा करीब 311 करोड़ रूपए खर्च कर रतनपुर-केंदा-केंवची सड़क का निर्माण किया जा रहा है। यह सड़क काफी सालों से बदहाल है, सड़क कई जगहों से ध्वस्त हो चुकी है। हाल ही में नेशनल हाइवे ने इसका प्रस्ताव दिया था, जिसके बाद सड़क का निर्माण शुरू कराया गया है। बताया जा रहा है कि सड़क 10 मीटर चौड़ी होगी, जिसे दो चरणों में पूरा किया जा रहा है। केंदाघाट से रतनुपर के बीच 42 किमी सड़क बनाने में 171 करोड़ रूपए खर्च होंगें। वहीं केंदाघाट से केंवची सड़क 35 किमी सड़क 140 करोड़ रूपए में बन कर तैयार होगी। अनुबंध के अनुसार ठेकेदार को साल 2026 तक सड़क बनानी होगी।

### तेजी से चल रहा है काम

सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए रेत की बोरी रखी गई है। जहां डायवर्सन नहीं है, वहां डायवर्सन लगाने के लिए कहा गया है। सड़क बनाने का काम तेजी से चल रहा है।

-**संजय दिवाकर**, एसडीओ, एनएच

---

ठेकेदार और संबंधित अधिकारियों की लापरवाही के कारण पिछड़ गया बिलासपुर

# सिर्फ 7 दिन बाकी, स्मार्ट सिटी के तहत चल रहे 200 करोड़ के 8 बड़े प्रोजेक्ट अधूरे पड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर स्मार्ट सिटी के तहत चल रही योजनाओं को पूरा करने कि अंतिम तिथि 31 मार्च 2025 है। इस लिहाज से अब सिर्फ एक सप्ताह का समय बचा है और 8 बड़ी परियोजनाएं अधूरी पड़ी हैं। इन्हें अगले कुछ महीने में पूरा होने की उम्मीद भी दिखाई नहीं देती। देखा जाए तो फंड होने के बाद भी स्मार्ट सिटी के कई प्रोजेक्ट की रफ्तार धीमी है। ठेकेदार और संबंधित अधिकारियों की लापरवाही के कारण 100 करोड़ का अरपा के दोनों तरफ स्मार्ट सड़क, शटल टाइप पार्किंग, कन्वेंशनल सेंटर, 10 एमलडी के एसटीपी, स्मार्ट सड़क व नाली निर्माण के साथ ही दूसरे 200 करोड़ के काम अधूरे रह जाएंगे।

- **9 महीने कार्यकाल बढ़ने के बाद भी ध्यान नहीं दिया गया, अंतिम तिथि 31 मार्च 2025**

ध्यान रहे कि स्मार्ट सिटी परियोजना में शामिल होने के बाद 2021-22 से 2024-25 तक बिलासपुर को 57 कार्यों की मंजूरी मिली है। इन कार्यों के लिए 390.52 करोड़ की स्वीकृति भी दी गई। इसमें 287.51 करोड़ रुपए खर्च हो चुके हैं। इस फंड से 48 प्रोजेक्ट पूरे हो चुके हैं तो 8 प्रोजेक्ट पर अभी काम चल रहा है। इसमें तीन प्रोजेक्ट को 31 मार्च 2025 तक पूरा होने का दावा किया जा रहा है। इधर स्मार्ट सिटी परियोजना का कार्यकाल मार्च 2025 में समाप्त हो रहा है। ऐसे में जो काम चल रहे हैं, उनके इस अवधि में पूरा होने की उम्मीद नहीं है। अधिकारी भी स्वीकार कर रहे हैं कि कुछ प्रोजेक्ट दिसंबर तो किसी को नवंबर 2025 तक पूरा हो सकेंगे।



इमलीपारा रोड में निर्माणाधीन काम्प्लेक्स का काम बंद।



कोनी स्थित कन्वेंशनल सेंटर।

### यह है योजनाएं हैं अधूरी

- अरपा के दोनों किनारे 100 करोड़ का स्मार्ट सड़क
- बस स्टैंड में 15.75 करोड़ का शटल टाइप पार्किंग
- कोनी में 29.51 करोड़ का कन्वेंशनल सेंटर- अरपा नदी में पानी साफ करने 16.93 करोड़ के एसटीपी
- शहर में 22.54 करोड़ के सड़क व नाली निर्माण का काम
- 19.33 करोड़ रुपए के तालाब का सौंदर्यीकरण

### यह काम हो चुके हैं पूरे

- 7.90 करोड़ की मिट्टी तेल गली स्मार्ट रोड
- 26.83 करोड़ की व्यापार विहार स्मार्ट रोड
- 69 लाख की लागत पर बिलासपुर कनेक्टिविटी
- 1.03 करोड़ में इन्कयूबेशन सेंटर का जीर्णोद्धार
- 6.28 करोड़ में व्यापार विहार में तारामंडल
- 5.09 करोड़ में ई-पाठशाला
- 4.53 करोड़ में डिजिटल सेंट्रल लाइब्रेरी
- 30 करोड़ रुपए में तीन स्पोर्ट्स काम्पलेक्स
- 25.7 करोड़ में सिटी कोतवाली मल्टीलेवल पार्किंग
- 150 करोड़ रुपए का तारबहार में आईटीएमएस

### तीन महीने बढ़ सकता है समय

स्मार्ट सिटी के तहत चल रहे लगभग सभी काम पूरे होने की कगार पर है। सिर्फ फिनिसिंग का काम बाकि है जिसे जल्द पूरा कर लिया जाएगा। फिलहाल तो 31 मार्च 2025 इसके लिए अंतिम तिथि है। इसमें तीन महीने का समय बढ़ सकता है।

- **राजकुमार मिश्रा**, टैक्निकल मैनेजर, स्मार्ट सिटी

### 857.50 करोड़ मिले, अब तक 767.26 करोड़ खर्च

ध्यान रहे कि पिछले 9 सालों में स्मार्ट सिटी को छोटे-बड़े कुल 106 कार्यों की मंजूरी मिली। शहर को स्मार्ट बनाने के लिए केंद्र सरकार से 428.75 करोड़ और राज्य से 428.75 करोड़ यानी कुल 857.50 करोड़ मिले, जिसमें अब तक 767.26 करोड़ खर्च हो चुके हैं। फिलहाल 60.32 करोड़ स्मार्ट सिटी के खाते में जमा है। अधिकारियों के मुताबिक कुछ प्रोजेक्ट के नवंबर तो कुछ के दिसंबर तक पूरा होने की उम्मीद है।

### 9 महीने कार्यकाल बढ़ने के बाद भी लापरवाही

ज्ञात हो कि जून 2015 में देश के 100 शहरों को स्मार्ट सिटी मिशन में शामिल किया गया। इसमें बिलासपुर भी शामिल था। पिछले 9 सालों में शहर को स्मार्ट बनाने के लिए कई बड़े प्रोजेक्ट को धरातल में उतारा गया है, लेकिन कार्य गति धीमी रही। इसी वजह से एक जुलाई 2024 को बिलासपुर समेत देश के सभी 100 स्मार्ट शहरों का कार्यकाल 9 माह यानी मार्च 2025 तक के लिए बढ़ाया गया था, तब स्मार्ट सिटी के अधिकारियों को अधूरे सभी प्रोजेक्ट को इस समयावधि में पूरा करने को कहा गया था। इसके बाद भी बिलासपुर स्मार्ट सिटी में 8 प्रोजेक्ट अधूरे हैं।



पचरीघाट स्थित हसदेव बैराज।

---

**भुगतान नहीं होने से भड़के**

## ठेकेदारों ने घेरा बिजली दफ्तर कर दी तालाबंदी, मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिजली विभाग में दो वर्षों से लंबित भुगतान के लिए ठेकेदारों ने सोमवार को बिजली दफ्तर का घेराव किया। तिफरा स्थित सीएसपीडीसीएल के कार्यालय में ठेकेदारों ने ताला जड़ दिया।

ठेकेदारों का आरोप है कि बिजली विभाग के अधिकारी बिना ठेके के काम करा रहे हैं और भुगतान भी समय पर नहीं कर रहे हैं। पिछले दो से तीन वर्षों से उन्हें कार्यों का भुगतान नहीं हो रहा है। चीफ इंजीनियर ने ठेकेदारों से चर्चा की। चीफ इंजीनियर ने ठेकदारों को बताया कि उनकी भुगतान संबंधी समस्या पर मीटिंग लेने के लिए रीजन के सभी एसई,ईई, एई, जेई को बुलवाया गया है। बाद में उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर स्तर पर तीन-तीन दिन में बिल भुगतान संबंधी प्रक्रिया को चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जाए और 15 दिन में भुगतान की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाए।

### निवेश करने का झांसा देकर युवक से ठगी

**बिलासपुर।** शेयर मार्केट में निवेश करने का झांसा देकर एक युवक से 50 हजार की ठगी करने वाले के खिलाफ पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, इमलीभाठा निवासी बंधवापारा निवासी व्यास नारायण साहू पेशे से ड्राइवर हैं। मार्च 2024 में उनकी बंधवापारा कांछीबाड़ी निवासी आकाश यादव से मुलाकात हुई। उसने खुद को शेयर बाजार में ट्रेडिंग का जानकार बताते हुए निवेश करने पर अच्छा मुनाफा दिलाने की बात कही। मुनाफा के लालच में आकर श्री साहू ने अलग अलग किश्तों में 50 हजार दिया। डेढ़ महीने तक आकाश यादव मुनाफा का लालच देते हुए टालमटोल करता रहा। 27 सितंबर 2024 को आकास यादव ने उन्हें 8 लाख रुपए का चेक मिलने की बात कही। उसके बाद वह मकान छोड़कर भाग गया। श्री साहू ने पतासाजी की तो जानकारी मिली कि वह कई लोगों से ठगी कर चुका है। पुलिस ने श्री साहू की रिपोर्ट पर आकाश यादव के खिलाफ धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।



### सूने मकान से नकद रकम व जेवर ले उड़े चोर

**बिलासपुर।** व्यापारी के सूने मकान में चोरों ने धावा बोलकर नकद रकम व जेवर चोरी कर लिया है। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पा रही है।

चकरभाठा पुलिस के अनुसार, बोदरी निवासी दिलीप कुमार आडवानी 18 मार्च को सुबह 9 बजे परिवार के साथ सेवा करने झूलेलाल मंदिर चले गए थे। रात 10.45 बजे वे घर लौटे तो मुख्य दरवाजे का ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखे तो सामान बिखरे पड़े थे। बेड के दराज से 65 हजार रुपए नकद, सोने का लाकेट, सोने का टाप्स चोरी हो गई। उनहोने घरवालों से पूछताछ करने के बाद 23 मार्च को चोरी की रिपोर्ट लिखाई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।



---

## दस्तावेज जब्त कर फर्जी चिटफंड कंपनी के दो डायरेक्टर सूरजपुर जेल भेजे गए

**बिलासपुर।** रिमांड में दो दिन पूछताछ करने व दस्तावेज जब्त करने के बाद रतनपुर पुलिस ने फर्जी चिटफंड कंपनी के दो डायरेक्टरों को सूरजपुर जेल दाखिल कर दिया गया है। पुलिस उक्त प्रकरण में 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है।

- **देश भर में 50 व छत्तीसगढ़ 18 प्रकरण दर्ज**

ज्ञात हो कि 22 मार्च को रतनपुर पुलिस ने सूरजपुर जेल में बंद फर्जी चिटफंड कंपनी पीएसीएल के डायरेटर गुरमीत सिंह पिता स्व. कुलवंत सिंह 60 साल मौर्या इन्क्लेव प्रीतमपुरा दिल्ली, सुब्रतो भट्टाचार्य पिता स्व. विरेश्वर भट्टाचार्य 64 साल साउथ सिटी गुरूग्राम सेक्टर 40 हरियाणा पंजाब निवासी को दो दिन की पुलिस रिमांड में लिया था। दो दिन दोनों से पूछताछ कर जरूरी कंपनी के दस्तावेज जब्त कर 24 मार्च को दोनों को सूरजपुर ले जाकर जेल दाखिल कर दिया गया है। टीआई नरेश चौहान ने बताया, फर्जी चिटफंड कंपनी पीएसीएल कंपनी के मालिक निर्मल भंगू था, उसने देश भर में अपना कार्यालय खोल लिया था। देश भर उनकी 3 लाख एकड़ जमीन थी और जमीन को प्लाटिंग कर बेचने के नाम पर देश भर में 70 हजार करोड़ रुपए निवेश कराया गया था। उसके बाद कार्यालय बंद कर दिया था। सीबीआई ने फर्जी कंपनी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर कंपनी के मालिक निर्मल भंगू को तिहाड़ जेल भेज दिया था। जेल में रहने के दौरान उनकी मृत्यु हो गई है। उन्होंने कंपनी में सुखदेव सिंह, त्रिलोचन सिंह व अन्य को मुख्य डायरेटर बनाया था। वर्तमान में सुखदेव सिंह जयपुर जेल में बंद है। पुलिस प्रकरण में अब तक 7 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है।



### छग में 18 मामले दर्ज

फर्जी पीएसीएल कंपनी के नाम पर देश भर में कार्यालय खोले गए थे। लोगों को जमीन प्लाटिंग के नाम पर निवेश करने पर मुनाफा देने का झांसा दिया गया था। टीआई श्री चौहान ने उक्त कंपनी के खिलाफ 50 प्रकरण व छत्तीसगढ़ में 18 प्रकरण दर्ज हैं।

### एयू के खिलाफ छात्रों ने की शिकायत

**बिलासपुर।** अटल यूनिवर्सिटी में शिक्षकों की कमी समेत अनियमितता की शिकायत लेकर सोमवार को छात्रों का एक प्रतिनिधिमंडल क्षेत्रीय अपर संचालक प्रवीण पांडेय से मिलने पहुंचा था। इन छात्रों ने उच्च शिक्षा सचिव के नाम अपर संचालक को ज्ञापन सौंपा है। उसमें यूनिवर्सिटी में शिक्षकों की कमी होने के कारण पढ़ाई नहीं होने तथा गेस्ट फेकल्टी की भर्ती करने की मांग की है। उन्होंने रजिस्ट्रार द्वारा छात्र-छात्राओं से मिलने से मना करने और मनमानी का आरोप भी लगाया है। छात्रों का कहना है कि यूनिवर्सिटी के संसाधनों का दुरूपयोग बंद किया जाए, जिससे जबरदस्ती के कार्य करवाकर राशि का दोहन किया जा रहा है। इसके अलावा सामग्री खरीदी और विद्या परिषद, कार्य परिषद की बैठक नियमानुसार न होना आदि मुद्दों को भी उठाया है।

## गार्डन की जमीन बेच दी, बिल्डर ने बना ली अवैध सड़क

**बिलासपुर।** पुराने एफसीआई गोदाम के पास यानी मंगला चौक स्थित 36 माल के बगल से संकट मोचन वाटिका कालोनी है। इस कालोनी में एक गार्डन है। इसी गार्डन की जमीन को कालोनी बनाने वाले बिल्डर ने एक दूसरे बिल्डर को बेच दी।

- **12 घरों के लोग परेशान**

दूसरे बिल्डर ने कालोनी और गार्डन के बीच से सड़क बना ली। यह सड़क उस अवैध कालोनी तक जाती है जिसकी ना तो अनुमति है और ना ही ले आउट पास है। निगम और टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के साथ ग्राम पंचायत एक दूसरे पर दोषारोपण कर रहे हैं। मामले में मिलीभगत के कालोनीवासियों द्वारा आरोप लगाए गए हैं। मामले की शिकायत टीएल में भी हुई है। कलेक्टर ने संज्ञान लेते हुए जांच कराने की बात कही है। निगम की ओर से दोनों बिल्डरों को नोटिस भी जारी किया गया है। 36 माल के बगल से संकट मोचन वाटिका कालोनी को 1999 में बनाई गई। इसके लिए बकायदा टीएनसी से ले आउट पास कराया गया। कालोनी में गार्डन भी बनाया गया। कुछ समय बाद जानकारी मिली कि गार्डन को बिल्डर ने पड़ोसी बिल्डर को रास्ता के लिए बेच दिया है। पड़ोसी बिल्डर ने अब कालोनीवासियों का जीना मुश्किल कर दिया है। कालोनी के बीच से बड़े-बड़े वाहन निकलने से नालियों पर बनाए गए कल्वर्ट तहस नहस हो गए हैं। बड़ी गाड़ियां गुजरने से दुर्घटना का खतरा भी रहता है।



### अनशन की चेतावनी

कालोनीवासियों ने कलेक्टर के साथ ही निगम कमिश्नर से इसकी शिकायत की है। अनशन की भी चेतावनी दी गई है। आरटीआई से जानकारी मिली है कि गार्डन की जमीन अभी भी निगम प्रशासन की है। बावजूद इसके गार्डन के बीच से सड़क निर्माण किया जाना नियम के खिलाफ है। कालोनी वासियों के अनुसार छोटी सी कालोनी से पिछले कुछ समय से भारी वाहनों का आना जाना ज्यादा हो गया है। विरोध के बावजूद पड़ोसी बिल्डर की तानाशाही ने जीना मुश्किल कर दिया है। पड़ोसी बिल्डर ने बताया कि गार्डन की जमीन को खरीदा गया है इसके लिए दूसरी जमीन दी गई है। भवन शाखा अधिकारी सुरेश शर्मा के मुताबिक दोनों बिल्डरों को नोटिस भी जारी किया गया है।

## अवकाश के दिनों में भी खुलेगा पंजीयन दफ्तर, होगी जमीन की रजिस्ट्री

**बिलासपुर।** चालू वित्तीय वर्ष के आखिरी माह मार्च में राजस्व संग्रहण की दृष्टि से अवकाश के दिनों में भी पंजीयन दफ्तर खुला रहेगा और अचल संपत्ति की रजिस्ट्री होगी। पंजीयन महानिरीक्षक ने सोमवार को इस आशय का आदेश जारी कर दिया है जिसके चलते मंगलवार को कर्मा जयंती अवकाश के दिन भी जमीन की रजिस्ट्री होगी।

वित्तीय वर्ष का आखिरी महिना मार्च होता है, इसलिए राजस्व लक्ष्य की पूर्ति के लिए शासकीय विभागों के ऊपर दबाव रहता है। पंजीयन विभाग राज्य के लिए राजस्व संग्रहण करने वाला एक प्रमुख विभाग है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंतिम माह पूर्ण होने में मात्र 7 दिवस ही शेष है। मार्च माह में पक्षकारों द्वारा सर्वाधिक पंजीयन कराया जाता है, इसलिए जन सुविधा एवं राजस्व संग्रहण को दृष्टिगत रखते हुए आगामी शासकीय अवकाश के दिनों में पंजीयन कार्यालय खुले रहेंगे और नियमित पंजीयन कार्य होगा। माह के अंतिम सप्ताह में चार दिनों शासकीय अवकाश है, जिसमें 25 मार्च को भक्त माता कर्मा जयंती, 29 मार्च शनिवार, 30 मार्च रविवार 31 मार्च ईद-उल-फितर के अवसर पर शासकीय अवकाश रहेगा, किन्तु इन अवकाशों में भी पंजीयन दफ्तर खुला रहेगा और जमीन की रजिस्ट्री होगी।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है

नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉर्म में रहते है।

अधिक जानकारी के लिए स्कैन करें।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
06 मई से 15 मई, 20 मई से 29 मई, 03 जून से 12 जून 2025 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मनाभ स्वामी)
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411